cmyk



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 112

ग्वालियर, शनिवार, 12 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण कार्य का प्रभारी मंत्री करें निरीक्षण

# कोरोना प्रकरण बहुत कम हो गए हैं, परन्तु सतर्कता में बिल्कुल कमी न हो: मुख्यमंत्री श्री चौहान

**एक-दो घरों का भी माइक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र बनाएँ**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की कोरोना की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण बहुत कम हो गया है। प्रदेश के 50 जिलों में साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट एक प्रतिशत से नीचे आ गई है और प्रतिदिन नए प्रकरण 400 से नीचे आ गए हैं। रिकवरी रेट 98.2त्न हो गई है। प्रदेश का कोरोना संक्रमण की दृष्टि से देश में 23 वाँ स्थान है। फिर भी, हमें सतर्कता में थोड़ी भी कमी नहीं करनी है। हर व्यक्ति मास्क लगाए, परस्पर दूरी रखे और अन्य सभी सावधानियाँ बरते।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक कोरोना मरीज की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की जाए और कोई भी मरीज छुपा न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। एक-दो प्रकरण होने पर भी माइक्रो कंटेनमेन्ट क्षेत्र बनाएँ, जिससे संक्रमण फैले नहीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये बिस्तर बढ़ाने, ऑक्सीजन पाइप लाइन डालने और



ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने आदि का कार्य चल रहा है। प्रभारी मंत्री अपने जिलों में इन कार्यों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि उत्तम गुणवत्ता का काम समय पर हो।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। वीसी में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस,अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान आदि उपस्थित थे।

**397 नए प्रकरण:** प्रदेश में कोरोना के 397 नए प्रकरण आए हैं। एक्टिव मरीजों की संख्या पाँच हजार 447 है और 1240 मरीज स्वस्थ हुए हैं। प्रदेश की साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर 0.7त्न और आज की पॉजिटिविटी दर 0.5त्न है। एक दिन में 79 हजार 261 टेस्ट किए गए हैं।

**- तीन जिलों में 10 से अधिक प्रकरण:** अब प्रदेश के 3 जिलों इंदौर, भोपाल और जबलपुर में 10 से अधिक नए प्रकरण आए हैं। वहीं 11जिलों में 5 से अधिक नए प्रकरण हैं। इंदौर में 117, भोपाल में 97, जबलपुर में 34, बैतूल में 8, ग्वालियर में 8, हरदा में 7,खरगौन में 7, रतलाम में 7, रायसेन में 6 और राजगढ़ में 6 नए प्रकरण आए हैं।

**- दो जिलों में एक प्रतिशत से अधिक पॉजिटिविटी दर-** प्रदेश के

## खास खबर

### सीबीआई ने पूर्व सीएम नबाम टुकी पर भ्रष्टाचार के मामले में दर्ज किया केस

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम टुकी पर भ्रष्टाचार के मामले में एक और केस दर्ज किया है। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, टुकी 2005-06 में जब लोक निर्माण कार्य एवं शहरी विकास मंत्री थे, तब उन पर निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप है। इससे पहले जुलाई, 2019 में सीबीआई ने टुकी और उनके भाई नबाम टगाम के खिलाफ 2003 में 3.20 करोड़ रुपये की एक सरकारी परियोजना को मनमाने और गलत तरीके से हासिल करने के आरोप में केस दर्ज किया था। टुकी नवंबर, 2011 से जनवरी, 2016 तक और जुलाई 2016 से सितंबर, 2016 तक अरुणाचल के सीएम रह चुके हैं।

### दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार को अस्पताल से मिली छुट्टी

**मुंबई (ए)।** दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार को स्वास्थ्य कारणों के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के बाद शुक्रवार को उन्हें छुट्टी मिल गई है। 98 साल के दिलीप कुमार को सांस लेने में तकलीफ के चलते 6 जून को अस्पताल में दाखिल कराया गया था। इसके पहले खबर थी कि उन्हें गुरुवार को अस्पताल से छुट्टी मिलेगी,लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। दिलीप कुमार को एक सफल प्ल्यूरल एसपिरेशन प्रोसिड्यूर से गुजरना पड़ा था, जिसके बाद उनकी तबीयत में काफी सुधार हुआ। सोमवार को हॉस्पिटल से उनकी तस्वीर सायरा बानो के साथ सामने आई थी, जिसमें दिलीप साहब काफी कमजोर नजर आ रहे थे, जिसके बाद उनके फैंस को चिंता सताने लगी थी।

### अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सुनारिया जेल पहुंचा राम रहीम

**गुरुग्राम (ए)।** रेप और हत्या के मामले में सुनारिया जेल में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम को गुरुवार की शाम को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। जिसके बाद राम रहीम फिर से सुनारिया जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया है। डीएसपी सज्जन सिंह के नेतृत्व में रोहतक पुलिस की विशेष टीम राम रहीम को शाम करीब साढ़े छह बजे सुनारिया जेल लेकर पहुंची। बता दें कि राम रहीम का उपचार रोहतक स्थित पीजीआईएमएस के 11 सदस्यीय डॉक्टरों की टीम कर रही थी, जिसकी सिफारिश पर राम रहीम को जांच के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां पर टेस्ट के दौरान प्राथमिक जांच में डेरा प्रमुख की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट मिली। इसके कारण राम रहीम को नौवीं मंजिल पर कोविड वार्ड में रखा गया था। हालांकि, अगले दिन कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद राम रहीम को दूसरे वार्ड में रखा गया। मई महीने में भी राम रहीम को रक्तचापके असामान्य होने की शिकायत पर रोहतक के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय रात भर अस्पताल में रखे जाने के बाद छुट्टी दे दी गई थी। पिछले महीने राम रहीम को अपनी बीमार मां से मिलने के लिए एक दिन की पैरोल दी गई थी। बता दें कि राम रहीम अपने आश्रम में दो महिला अनुयायियों के साथ दुष्कर्म के मामले में 20 साल कैद की सजा काट रहा है। पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने अगस्त 2017 में उन्हें दोषी ठहराया था।

## मुस्लिमों को टीके के लिए समझाएंगे मौलवी: मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली (ए)।** कोरोना की वैक्सीन को लेकर लोगों के दिल दिमाग से डर खत्म करना सरकार के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं। वहीं, मुस्लिम समुदाय में इस झिझक पर अल्प संख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने



गुरुवार को कहा कि टीकाकरण को लेकर गलतफहमी भगाने के लिए, हज समितियों, वक्फ बोर्ड, केंद्रीय वक्फ परिषद और स्वयं सहायता समूहों को जान है तो जहान है अभियान में शामिल किया जा रहा है। मुंबई के एक एनजीओ और मुस्लिम मौलवियों ने शहर में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों के लिए जागरूकता अभियान चलाने के लिए हाथ मिलाया है। एनजीओ भामला फाउंडेशन ने मुंबई में विभिन्न मस्जिद समितियों के मौलाना और मौलवियों को एक साथ लाया और उनसे झुग्गी बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया। ये ग्रुप न केवल जागरूकता फैलाएगा बल्कि लोगों के लिए टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक करने की व्यवस्था भी करेगा। इस संगठन ने अपने अभियान की सारी व्यवस्था के लिए एक वॉर रूम भी तैयार किया है। भामला फाउंडेशन के अध्यक्ष आसिफ भामला ने कहा, इस पहल से मुस्लिम समुदाय में कोविड टीकाकरण को लेकर विश्वास पैदा होगा। उन्होंने कहा कि कई लोग कुछ गलतफहमियों के कारण टीकाकरण से डर रहे हैं, इसलिए हमने मौलाना और मौलवियों को शामिल किया जो लोगों को समझा सकते हैं। हम चाहते हैं कि वे मुसलमानों के बीच इस झिझक को दूर करें। अभियान में भाग लेने वाले मौलवी मौलाना तबरेज़ ने कहा कि लोगों में कोरोना वैक्सीन के लिए कई गलत धारणाएं है। कुछ का

## अभिनेता सोनू सूद से मिलने मुंबई से हैदराबाद नंगे पांव पहुंचा उनका फैंस

**मुंबई (ए)।** कोरोना काल में लोगों के लिए मसीहा बने अभिनेता सोनू सूद के फैन दूर-दूर से उनसे मिलने के लिए आते हैं। सोनू सूद कई बार कह चुके हैं, कि वह जो कुछ भी कर पा रहे हैं, वह अपने फैंस की दुआओं की वजह से कर पा रहे है। हाल ही में उन्होंने अपने फैन के साथ तस्वीर शेयर की, जिसमें बताया कि कैसे हैदराबाद से मुंबई तक नंगे पांव सोनू सूद से मिलने के लिए पहुंचा। सोनू सूद ने एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में वह अपने एक फैन के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में उनका फैन अपने फेवरेट हीरो का पोस्टर को अपने हाथ में लिए मुस्कुराते हुए दिख रहा है। इस पोस्टर बोर्ड पर लिखा हैदराबाद से मुंबई है। सोनू ने लिखा, वेंकटेश, मुझसे मिलने के लिए ये लड़का नंगे पैर हैदराबाद से मुंबई आया है। हालांकि उसके यहां तक पहुंचने के लिए

## राहुल ने इशारों-इशारों में पीएम मोदी और जितिन प्रसाद साधा निशाना

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस महंगाई और पेट्रोल-डीजल के बढ़े दामों को लेकर देशभर में केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर है, कार्यकर्ता केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इस विरोध प्रदर्शन से पार्टी आलाकमान हिस्सा नहीं ले रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी इस प्रदर्शन में शामिल नहीं हैं। हालांकि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इशारों-इशारों में एक ऐसी बात कह दी कि लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि उनकी यह बात सरकार के खिलाफ है या फिर बीते दिनों कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए जितिन प्रसाद के लिए है। दरअसल, राहुल ने अपने ट्वीट में



लिखा-सच से, सवालों से, कार्टून से- वह सब से डरता है। राहुल गांधी के इस ट्वीट ने सियासी सरगर्मी बढ़ा दी है। राहुल गांधी के इस ट्वीट पर लोग अंदाजा लगाने में जुटे हैं। कुछ यूजर्स इसे पीएम मोदी के खिलाफ बता रह हैं। वैसे कुछ लोग इस ट्वीट को हाल ही में कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में गए जितिन प्रसाद से जोड़कर भी देख रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कोरोना संकट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी

## सचिन पायलट नहीं तेंडुलकर से की होगी बात

**नई दिल्ली (ए)।** राजस्थान कांग्रेस में असंतोष के चलते भले ही सचिन पायलट के पार्टी छोड़ने के कयास लग रहे हैं, लेकिन उन्होंने खुद इन्हें खारिज किया है। शुक्रवार को अपने पिता की पुण्यतिथि के मौके पर सचिन पायलट ने मीडिया से बात करते हुए साफ संकेत दिए वह अभी कांग्रेस के प्लेन से उतने वाले नहीं है। यही नहीं बीजेपी नेता रीता बहुगुणा जोशी के बयान को लेकर भी उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उनकी बात सचिन पायलट नहीं बल्कि सचिन तेंडुलकर से हुई होगी। सचिन पायलट ने कहा, %रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि उनकी सचिन से बात हुई है। शायद उनकी सचिन तेंडुलकर से बात हुई होगी। उनके पास मुझसे बात करने का साहस नहीं है।% कांग्रेस लीडर ने रीता बहुगुणा जोशी के उस बयान को लेकर यह बात कही है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सचिन पायलट से बात हुई है और वह जल्दी ही बीजेपी का हिस्सा हो सकते हैं। इससे पहले भी कई बार सचिन पायलट के बीजेपी में शामिल होने के कयास लगे हैं, लेकिन उन्होंने हर बार इसे खारिज किया है। बुधवार को कांग्रेक के दिग्गज नेता रहे जितिन प्रसाद के पार्टी छोड़ बीजेपी में शामिल होने के बाद से इन कयासों को और तेजी मिली थी। इसके अलावा राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार से उनकी नाराजगी के चलते भी इसकी अटकलें लगती रही हैं। हालांकि फिलहाल ऐसा लगता है कि कांग्रेस हाईकमान सचिन पायलट को मनाने में सफल रहा है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि शुक्रवार को अपने पिता राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर उन्होंने दौसा में रैली की योजना बनाई थी, जिसे कैंसल कर दिया है। अब वह कांग्रेस की ओर से तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर होने वाले प्रदर्शन में शामिल होंगे। बता दें कि 2020 में मध्य प्रदेश कांग्रेस के लीडर ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीजेपी में शामिल होने पर भी सचिन पायलट को लेकर कयास लगे थे। हालांकि

## नीरव मोदी और विजय माल्या को जल्द भारत लाया जाएगा

**नई दिल्ली (ए)।** ब्रिटेन ने कहा है कि वह नीरव मोदी और विजय माल्या जैसे आर्थिक अपराधियों को जल्द से जल्द भारत को सौंपेगा। ब्रिटेन ने भरोसा दिलाया है कि वह इनके जल्द प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार का सहयोग करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां एक वचुअर्ल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ब्रिटेन की गृह मंत्री ने 15 अप्रैल को नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। अब नीरव मोदी इसके विरुद्ध अपील कर रहा है लेकिन वह हिरासत में ही है। उन्होंने कहा कि हम उनका (आर्थिक अपराधियों) शीघ्रातिशीघ्र प्रत्यर्पण सुनिश्चित करेंगे। विजय माल्या के बारे में पूछे जाने पर





प्रवक्ता ने कहा कि सभी आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण के मुद्दे पर चार मई को भारत ब्रिटेन शिखर बैठक में चर्चा हुई थी। ब्रिटेन ने कहा है कि देश में अपराध न्याय प्रणाली की प्रकृति के कारण कुछ बाधाएं आई हैं लेकिन वे इस मुद्दे को समझते हैं और ऐसे अपराधियों के शीघ्रातिशीघ्र प्रत्यर्पण सुनिश्चित करने के लिए पूरा सहयोग करेंगे। मेहुल चोकसी की एंटीगुआ से डोमेनिका पहुंचने का कानूनी विवाद अब लंदन पहुंच गया है। लंदन में चोकसी के वकीलों ने जहां मेट्रोपोलिटन पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है। वहीं मेहुल चोकसी की कथित गर्लफ्रेंड समेत चार लोगों के खिलाफ जांच की अपील की है। मेहुल के वकील माइकल पोलॉक ने बताया कि मोट्रोपोलिटन पुलिस की अंतरराष्ट्रीय अपराध शाखा उनकी शिकायत की जांच कर रही है। पोलॉक ने कहा कि एक सोची-समझी योजना के तहत मेहुल को बलपूर्वक एंटीगुआ से ले जाया गया, जहां उसके पास अपने

## अमित शाह ने सीएम योगी के बाद अनुप्रिया पटेल और संजय निषाद से की मुलाकात

**नई दिल्ली (ए)।** यूपी के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ गई है। भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं ने यूपी के मिशन-2022 को अपने हाथों में ले लिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही अद (एस) की अध्यक्ष सांसद अनुप्रिया पटेल और निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद से चुनाव के नजरिए से उत्तर प्रदेश की जमीनी हकीकत जानने की कोशिश की। दोनों नेताओं ने अपने-अपने समाज की यूपी में की जा रही अनदेखी का मुद्दा उठाने के साथ ही जिला पंचायत चुनावों में अनदेखी की बात सामने रखी है। दिल्ली में यूपी के नेताओं से एक-एक कर बातचीत के दौरान अमित शाह ने इन नेताओं से कुछ और फीडबैक मांगे हैं, जिस पर 10 दिनों



बाद इन सभी के साथ वह फिर से बैठेंगे। सूत्रों ने बताया कि चर्चा के केंद्र में सिर्फ और सिर्फ चुनाव को देखते हुए जनता के नजरिये को समझना रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा के दौरान ही शाम करीब 5.15 बजे अनुप्रिया पटेल भी अमित शाह के पास पहुंच गई थीं। चार-पांच मिनट तक शाह के सामने मुख्यमंत्री और अनुप्रिया पटेल दोनों एक साथ रहे, इसके बाद मुख्यमंत्री वहां से निकल गए। मुख्यमंत्री के जाने के बाद अनुप्रिया पटेल से अमित शाह ने करीब 40 मिनट तक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सूत्र बताते हैं कि चर्चा के दौरान अनुप्रिया में राज्य में पिछड़े वर्ग से जुड़े कई मुद्दों को अमित शाह के सामने रखा। विधानसभा चुनाव प्रबंधन कैसा होना चाहिए इस पर खास चर्चा हुई। बैठक के दौरान राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार जैसे किसी मुद्दे को नहीं छुआ गया। बताया जाता है कि 10 दिनों बाद अमित शाह जब दूसरी बार इन नेताओं से मिलेंगे उस समय मंत्रिमंडल विस्तार पर कोई ठोस चर्चा हो सकती है। पार्टी ने निषादों समेत 14 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का वादा किया था लेकिन कुछ नहीं हुआ।

## पीएम मोदी और सीएम योगी की बैठक खत्म डेढ़ घंटे तक चली मुलाकात

**नई दिल्ली (ए)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम आवास पर हुई ये बैठक करीब 80 मिनट तक चली। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। मोदी से मुलाकात के बाद योगी बीजेपी अध्यक्ष जेपी



नड्डा से भी मुलाकात करने उनके आवास पहुंच चुके हैं। योगी और नड्डा के बीच मुलाकात भी शुरू हो चुकी है। मुलाकातों के इस दौर के बारे में बीजेपी नेताओं या पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कोई आधिकारिक जानकारी तो नहीं दी, लेकिन सूत्रों ने दावा किया कि यह कवायद जितिन प्रसाद और एके शर्मा सहित कुछ अन्य नेताओं को उत्तर प्रदेश सरकार में शामिल किए जाने को लेकर है। इससे पहले गुरुवार को उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात की थी। दोनों नेताओं के बीच करीब 90 मिनट तक मुलाकात हुई। शाह से मुलाकात के बाद योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा, आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट हेतु अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए गृह मंत्री का हार्दिक आभार उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर दिल्ली में मुलाकातों के इस दौर को काफी अहम माना जा रहा है।

## नैनो न्यूज

### बैराड़ में अवैध रूप से संचालित दो पैथोलॉजी सील, शासकीय कर्मचारी कर रहे थे संचालित

शिवपुरी। खबर जिले के बैराड की है जहां प्रशासन की टीम ने अवैध रूप से संचालित दो पैथलौजी सील की है उक्त पैथलौजी का संचालन बैराड स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ दो कर्मचारी कर रहे थे जिन पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है बताया जा रहा है कि उक्त दोनों युवक स्वास्थ्य विभाग की आंखों ने धूल झौंक रहे है। जानकारी के अनुसार कोरोना काल में बैराड में दो अवैध पैथलॉजी संचालित होने की खबरें सामने आई थी। जिसके चलते तहसीलदार विजय कुमार शर्मा और सीएमओ अजीज खान ने बरौद रोड एवं सुनार गली में संचालित दो पैथोलॉजी लैब मल्होत्रा पैथोलॉजी एवं संजीवनी पैथोलॉजी को बिना मान्यता के संचालित होना पाया। जिसके चलते उक्त दोनों पैथलॉजीयों को सील कर दिया है। यहां बता दे कि उक्त पैथलॉजी लैब के संचालक बैराड स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ है। जिसके चलते झौलाछाप डॉक्टरों ने जांच नहीं कराने पर कोरोना पॉजीटिव करने का आरोप लगाया था। जिसके चलते जमकर हंगामा भी हुआ था। जब झोलाछाप डॉक्टरों ने जांच शिवपुरी में कराई तो वह निगेटिव मिले थे। जिसके चलते उन्होंने जांच नहीं भेजने का आरोप लगाया था। परंतु प्रशासन की और से इनकर कोई कार्यवाही नहीं की।

### पति व ससुर ने की मारपीट तो महिला ने दर्ज करा दिया केस

शिवपुरी। खबर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के तहत आने वाले फतेहपुर इलाके की हैं जहाँ फतेहपुर में रहने वाली महिला की उसके पति व ससुर ने मारपीट कर दी। मामले में महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है जहां पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महिला ने बताया कि बीते रोज शाम के समय वह अपने घर पर थी तभी पति देवेंद्र ओझा व ससुर रामनिवास ओझा शराब पीकर घर आए और गाली-गलौंज करने लगे जब गाली देने से मना किया तो तो दोनों ने मिलकर लात-घूसों से मारपीट कर दी। महिला जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर वहां से निकली और कोतवाली थाने आकर शिकायत दर्ज करवाई।

### सिथेंटिक पायरेथ्राईड कीटनाशक दवा के छिड़काव हेतु आवेदन 14 जून तक दवा का छिडकाव 16 जून से

शोयपुर। कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रतिवर्ष की भांती वर्ष 2021 में श्योपुर जिले के विकासखण्ड विजयपुर में शासन द्वारा चयनित ग्रामो में सिथेंटिक पायरेथ्राईड कीटनाशक दवा का छि?काव 16 जून 2021 से किया जाना है। जिसमें छि?काव कार्य हेतु अर्द्धकुशल व अकुशल श्रमिको का अस्थाई रूप से चयन किया जाना है। सीएमएचओ डॉ बीएल यादव ने बताया कि सिथेंटिक पायरेथ्राईड कीटनाशक दवा का छि?काव हेतु आवेदक को 8 वीं पास होना चाहिये। 18 वर्ष आयु पूर्ण कर ली हो। रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन हो। राष्ट्रीयकृत बैंक में स्वंय का खाता होना अनिवार्य है। परिचय पत्र/आधार कार्ड/वोटर कार्ड/राशन कार्ड/जॉब कार्ड/समग्र आई.डी. हो। पूर्व में छि?काव कार्य किये गये श्रमिको को प्राथमिकता दी जावेगी। संबंधित आवेदनकर्ता अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो 02 आवेदन के संलग्न करे। मजदूरी का भुगतान निर्धारित कलेक्टर दर से किया जावेगा। इच्छुक आवेदक जिला मलेरिया कार्यालय में अपने आवेदन 14 जून 2021 तक दस्तावेज सहित प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे।

## बैनर-पोस्टर एवं नारे लगाकर पैट्रोल पम्पों पर कांग्रेस ने किया मूल्य वृद्धि का विरोध

**शिवपुरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आज पूरे देश में डीजल पैट्रोल की मूल्य बृद्धि के बिरोध में प्रदर्शन किया गया इसी क्रम में जिला कांग्रेस प्रवक्ता विजय चौकसे ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देशानुसार क्षेत्र के नेता माननीय केपी सिंह कक्काजू के मार्गदर्शन में शुक्रबार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित श्री प्रकाश शर्मा ने नेतृत्व करते हुए कांग्रेसजनों के साथ पेट्रोल पंपों पर डीजल-पैद्रोल की आसमान छूती मूल्य बृद्धि के विरोध में आम आदमी की कमरतो? मंहगाई के स्लोगन के पोस्टर-बैनर लेकर नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जिला कार्यालय प्रभारी महामंत्री राजेश बिहारी पाठक एबं चंद्रकांत शर्मा के प्रबन्धन में कांग्रेस की टीमों ने पैट्रोल पम्पों पर प्रदर्शन करते हुये लोगों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में जो बेतहाशा मूल्यवृद्धि पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर आदि में की जा रही है उससे आम जनता की कमर तोड़ कर रख दी है आम जनता का जीना दूभर हो गया है जनता महंगाई के मार से त्राहि-त्राहि कर रही है कांग्रेस पार्टी की मांग है कि इस मूल्यवृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए और मंहगाई को कम किया जाये इस प्रदर्शन में रामकुमार यादव, भरत सिंह रावत, बासित अली, अनिल शर्मा अन्नी, राजेश बिहारी पाठक, इंदु जैन,चंद्रकांत शर्मा, आजाद खान,मोहित अग्रबाल, साहब सिंह कुशवाह, आलोक शुक्ला, राजेंद्र गुर्जर, पुनीत शर्मा, नलिन पंडित, शिवानी राठौर, राजकुमारी शर्मा, राजकुमारी खान, खुशबू शर्मा, कालीचरण शर्मा , शिवसिंह गुर्जर, के पी रावत, सरवन लाल धाकड़, हफीजुर्रहमान खान, हरीश खटीक, संजय शर्मा, अशोक सगर, विनय राज शर्मा, अशोक राठौर, भूपेंद्र सिकरवार, मोहन सिंह कुशवाह,महेंद्र चंदोरिया, कमल किशन शाक्य,रितेश जैन, टिंकल रजक, विजय बाथम,मोहसिन खान, सत्यम नायक, मनोज राठौर, संजय चतुर्वेदी, सुरेश कुशवाह,मोनू रजक,बंटी शर्मा, लखेंद्र शर्मा, सागर शर्मा,हबीब खान, भगवती प्रसाद, राजकुमारी राठौर, शहजाद खान, राजकुमार कोली, कृष्णा शाक्य, राजेंद्र चौधरी, अंकेश प्रजापती,अखिल शर्मा , पुरुषोत्तम शर्मा, राम दुलारे यादव, मोहन सिंह शाहपुरा, दिलीप यादव, राम स्वरूप यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे




## मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज पीएम एवं कैंसर की जांच प्रारंभ

**शिवपुरी।**

मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री एवं शिवपुरी विधायक यशोधरा राजे सिंधिया के प्रयासों से जिले में मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की गयी है अब धीरे धीरे इसमें सुविधायें बढ़ाई जा रही हैं। राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर से प्राप्त होने वाले पोस्टमार्टम उपरांत अंगों की हिस्टोपैथोलॉजिकल परीक्षण आरंभ किया जा चुका है।



पैथोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अपराजिता तोमर ने बताया कि पोस्टमार्टम उपरांत प्राप्त हार्ट का परीक्षण अतिआधुनिक उपकरणों की सहायता से डॉ द्वारा किया गया।

अब पीएम उपरांत अंगों को हिस्टोपैथोलॉजिकल रिपोर्ट के लिए ग्वालियर भेजने की आवश्यकता नहीं होगी।

इसी तरह विभाग में उपलब्ध अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से कैंसर की संपूर्ण जांच जैसे कि एफएनएसी, बायोप्सी, पैपस्मीयर एवं संपूर्ण गठान की जांच मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में उपलब्ध है।

हिस्टोपैथोलॉजी सेक्शन में पदस्थ डॉ हेमलता बामोरिया एवं डॉ शिल्पा मोटघरे ने बताया कि छात्रों को प्रशिक्षित करने एवं हिस्टोपैथोलॉजी जांच के लिए अत्याधुनिक पेंटा एवं डेका हेड माइक्रोस्कोप डिपार्टमेंट में उपलब्ध है।

जिसमें क्रमशः 5 एवं 10 विशेषज्ञ एक साथ परीक्षण कर सकते हैं ब्लड कैंसर का पता भी अब विभाग में लगाया जा सकेगा।

## पड़ोसी युवती के साथ घर मे घूस कर किया रेप मामला दर्ज



**शिवपुरी।** खबर जिले के करैरा थाना क्षेत्र के सिल्लारपुर गांव की है जहां एक आरोपी ने अपने ही पडौस में रहने बाली एक युवती के साथ रेप की बारदात को अंजाम दिया।

इस मामले की पीडिता ने करैरा थाने में शिकायत की जहां पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी महेंद्र राजपूत ने पड़ोस में रहने वाली एक युवती के घर में घुसकर उसके साथ बलात्कार कर दिया।

इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकाया और कहा कि अगर उसने किसी से भी इस घटना का जिक्र किया तो वह उसे जान से मार देगा। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। घटना के बाद पीड़िता ने शिकायत थाने में दर्ज कराई।

जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376, 506 के तहत प्रकरण कायम कर लिया।

## राज्यसभा सांसद श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा ग्वालियर सम्भाग को सौंपी 5 एम्बुलेंस

**शिवपुरी।** राज्यसभा सांसद श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कैलाशवासी श्रीमंत सिंधिया स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्वालियर चंबल अंचल के पांच जिलों को एंबुलेंस डोनेट की, भिंड ,मुरैना ,अशोकनगर, शिवपुरी , ग्वालियर जिले को दी एंबुलेंस कार्यक्रम में राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाहा, सांसद विवेक शेजवलकर, ऊर्जा को मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, मंत्री ह्क्क्र भदौरिया, मंत्री सुरेश राठखे?ा, पूर्व मंत्री इमरती देवी सुमन भी मौजूद रहे।






सिंधिया ने फिर कहा संकट में सरकार और उसमें शामिल मंत्री दिन रात एक कर काम करते रहे मैंने भी ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए भरपूर प्रयास किया।

स्वास्थ सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। सांसद सिंधिया ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के कोविड की दूसरी लहर में किए गए कार्यों की प्रशंसा की, सांसद सिंधिया ने कहा कि हम तीसरी लहर से निपटने के लिए तैयारी कर रहे हैं। अमेरिका ,यूके ,रूस जैसे कई राष्ट्र कोरोना की लहर को समझ पाने में नाकाम साबित हुए लेकिन फिर भी हम कोशिश कर रहे हैं कि तीसरी लहर में सब को बचाया जा सके, वैक्सीनेशन ही एकमात्र उपाय है कोरोनावायरस से बचने का मार्क हॉस्पिटल की जमीन पर निजी अस्पताल बनकर तैयार होगा। मैक्स हॉस्पिटल तैयार करेगा मार्क हॉस्पिटल की जमीन पर अस्पताल, बढ़ती महंगाई पेट्रोल डीजल मूल्य वृद्धि पर कांग्रेस के प्रदर्शन पर सिंधिया ने साधा निशाना कांग्रेस आपत्ति में भी मुद्दा ढूंढ रहे हैं ,यह कांग्रेस की स्थिति हो गई है, जो पार्टी अपने आप को कहती है राष्ट्र के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और विकास और प्रगति में भाग लिया ,विश्व स्तर की आपत्ति आई है ,इस स्तर की राजनीतिआज कांग्रेस कर रही है ,पहले वैक्सीन को लेकर अफवाह फैलाई आज वही पार्टी कह रही है कि जल्द से जल्द वैक्सीन ऑर्डर करवाएं,चित भी मेरी पट भी मेरी कांग्रेस कबतक करती रहेगी, कांग्रेस निम्न स्तर की राजनीति कर रही है, सिंधिया वैश्विक स्तर पर बड़ी है महंगाई महंगाई सिर्फ दो-तीन महीने के लिए रहेगी हम जल्द ही उस पर नियंत्रण पाएंगे सांसद सिंधिया।

## विद्यादेवी रक्तदान ग्रुप एवं सिद्धेश्वर मित्र मंडल का वैक्सीनेशन शिविर आयोजित

शिवपुरी। विद्यादेवी रक्तदान ग्रुप एवं सिद्धेश्वर मित्र मंडल द्वारा मां विद्यादेवी एवं प्रहलाद भाई की स्मृति में सिद्धेश्वर मंदिर में वेक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 250 से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवीआलोक इंदौरिया, डीएसपी दीपक सिंह तोमर, तहसीलदार साहब वीएस कुशवाह, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी संजय ऋषिश्वर, सीपी जैन, सुनील जैन जी, एएनएम आरती कबीरपंथी, एएनएम पूनम अटेरिया, समाजसेवी राजेश जैन, राजू प्रेम स्वीट, पत्रकार अशोक अग्रवाल, समाजसेवी गजेन्द्र यादव गज्जू वकील साहब, समाजसेवी अभिताभ त्रिवेदी जी (सौनचिरैया), समाजसेवी समीर सक्सेना, राष्ट्पति सम्मानित अलका श्रीवास्तव, जानकी सेना संगटन अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत, समाजसेवी रानू रघुवंशी, हेमंत ओझा, जनसेवक रमन अग्रवाल और समस्त जनसेवक हेमंत खंडेलवाल, प्रांशुल अग्रवाल, दिनेश गर्ग, शाहनवाज हुसैन, गिरीश मिश्रा मामा, पंडित गोपाल भट्ट, पप्पू शिवहरे, अंकुर गोयल, टिंकल रजक, विपिन नरवरिया, राजेन्द्र भोलू रावत, अमन रजक, आकाश खटीक, जोंटी श्रीवास्तव, शिवम शर्मा, अनुज कश्यप, हार्दिक रघुवंशी एवं सैकड़ा भर समाजसेवी उपस्थित रहे जिसमें समस्त समाजसेवियों को सम्मानित किया गया एवं जानकी सेना संगठन द्वारा आयोजक को राम दरवार भेंट किया गया।




## पेट्रोल डीजल की महगांई पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**शिवपुरी।** ईशागढ बेतहाशा महंगाई एवं आसमान छूते पेट्रोल , डीजल , रसोई गैस एवं खाद्य तैल पर राष्ट्व्यापी विरोध प्रदर्शन के तारतम्य में ईसाग? में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में धरना, विरोध प्रदर्शन किया गया, ईसाग? के प?रया पेट्रोल पंप पर कांग्रेस जनों ने धरना दिया और भाजपा की मोदी सरकार और शिवराज सरकार को महंगाई रोकने में पूरी तरह नाकाम बताया, धरना में चंदेरी विधायक गोपाल सिंह ने चौहान ने कहा कि भाजपा ने केंद्र में अच्छे दिन लाने का वादा कर और मप्र में खरीद फरोख्त से सरकार बनाई पर केंद्र और राज्य सरकार महंगाई सहित हर मोर्चे पर नाकाम साबित हुई है, आज गरीब और मध्यमवर्गीय जिंदा रहने के लिए संघर्ष कर रहा है, धरना के बाद कांग्रेसजन ज्ञापन देने के लिए पैदल मार्च करते हुई हाथों में सरकार विरोधी तख्तियों के साथ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा ने ज्ञापन प?ा एवं विधायक गोपाल सिंह चौहान के साथ अन्य कार्यकर्तो ने तहसीलदार गजेंद्र सिंह लोधी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम सोशल डिस्टेंस के साथ ज्ञापन सौंपा, विरोध प्रदर्शन में मानवेन्द्र सिन्हा,सौदागर सिंह,हेमंत परमार,धनपाल सिंह यादव, अवधेश सिंह लोधी जाजन खेड़ी,सुनील अग्रवाल,प्रदीप सेन,आशू यादव,राम कुमार यादव ,टिल्लू कुशवाह,मुनीर खान,इकबाल खान,पन्नालाल सेन रामपाल केवट,मदन आदिवासी, नारायण केवट एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।



## नवीन गेजेट्स का उपयोग कर कार चोरी करने बाली गैंग का पर्दाफास



शिवपुरीद्ध शिवपुरी पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी श्री दीपक तोमर के मार्गदर्श मे थाना प्रभारी फिजीकल ने कार चोर गैंग के एक आरोपी को अबैध शराब का परिवहन करते हुये पकड़कर चोरी की तीन कारें कीमती करीब 15 लाख रु. की जप्त की हैं । थाना फिजीकल पर मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति सफेद स्विफ्ट गाड़ी मे शराब लेकर आ रहा है सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अबगत कराया गया अवगत कराने पर से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी एवं एसडीओपी शिवुपरी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी फिजीकल उनि कृपाल सिंह राठौर ने अपने हमराह फोर्स के साथ दो बत्ती गणेश कुण्ड के पास चैकिंग लगाई, दौराने चैकिंग बैरीकेट की मदद से उक्त सफेद रंग की स्विफ्ट गाड़ी को पकड़ा एवं गाड़ी की तलासी ली जिसमे से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की एवं उक्त आरोपी को थाने लाकर पूछताछ की पूछताछ के दौरान आरोपी पर संदेह होने पर आरोपी से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया की वह अपने तीन अन्य साथियों के साथ कार चोरी करने का काम करता है।

## वॉलेंटियर्स द्वारा ग्राम पडरिया में लोगों का चेक किया टेम्प्रेचर

**अशोक नगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पंजीकृत कोरोना वॉलेंटियर्स लगातार बिना रूके-बिना थके कई दिनों से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ संपूर्ण जिले में कोरोना महामारी से निजात दिलाने की दिशा में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कोरोना वॉलेंटियर की मेहनत रंग ला रही है। कोरोना वालेंटियर्स जहां घर-घर जाकर टीका लगवाने को लेकर समझाईश के चलते ग्राम पडरिया में कोरोना वॉलेंटियर्स एवं तारिणी महिला मंडल के सदस्?य कल्?पना अहिरवार, कविता अहिरवार, शकुन कुश्?वाह, अंजली सेन, गायत्री शर्मा, शिवानी कौशल द्वारा घर-घर पहुंचकर वैक्?सीन लगवाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने ग्राम जौरा, बागुपर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा कर जानी योजनाओं के क्रियान्यन की जमीनी हकीकत कोरोना से बचाव हेतु जौरा में टीकाकरण शिविर लगेगा

**दतिया।** शासन की जन कल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत् लाभान्वित हितग्राहियों की जमीनी हकीकत जानने हेतु कलेक्टर श्री संजय कुमार ने अनुविभाग स्तरीय अधिकारियो के साथ शुक्रवार को सेव?ा तहसील के ग्राम जौरा, बागपुर में अचानक पहुंचकर ग्रामीणों से योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा कर लाभान्वित हितग्राहियों की जमीनी हकीकत जानी। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सेव?ा श्री अनुराग निगवाल सहित जनपद पंचायत के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण आदि साथ थे।



कलेक्टर श्री कुमार ने ग्राम जौरा बागुपर में नीम के पे? की छाया में ग्रामीणों से पूरी संवेदनशीलता के साथ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए उन्होंने मैदानी कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए गांव के विकलांग श्री इमरत अहिरवार ने एक वर्ष से विकलांग छात्रवृत्ति न मिलने पर गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इस संबंध में तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने गांव में सचिव एवं पटवारी के नियमित रूप से न आने की शिकायत को गंभीरता से लिया। ग्रामीणों ने इस दौरान बताया कि गांव में विधिवत स?क न होने के कारण एवं पानी भरने से आवागमन में परेशानी हो रही है।

# पेट्रोल डीजल के मूल्यवृद्धि एवं महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन






अंबाह। शुक्रवार को अंबाह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उमा चरण कटारे के नेतृत्व में महंगाई के खिलाफ धरना देकर ज्ञापन दियाद्य धरना के उपरांत कांग्रेसी कमेटी के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर जमकर भाजपा सरकार को कोसा साथ ही कहा इस समय कोरोना महामारी को देखते हुए पेट्रोल डीजल सरकार का नियंत्रण नहीं है जबकि कच्चे तेल की कीमतों मैं लगातार कमी आ रही है इसके बावजूद भी देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार वृद्धि हो रही है जिससे आमजन परेशान है ऐसी स्थिति को देखते हुए सरकार मूल्य वृद्धि को तत्काल वापस ले द्य नहीं तो आने वाले समय में कांग्रेश पार्टी बड़े जन आंदोलन को मजबूर होगी ।

मधुराज सिंह तोमर ने कहा है की पेट्रोल डीजल और सरसों का तेल की कीमतें आसमान छू रहे हैद्य वह गरीबों पर कितने भारी पड़ रहे हैं इन दामों को वापस सरकार ले द्य जिसमें मुख्य रुप से जिला कार्यकारी अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, जनपद अध्यक्ष राम सिंह तोमर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी देवेंद्र सिंह तोमर , वरिष्ठ कांग्रेसी बालेश्वर सिंह तोमर ,विवेक सिंह तोमर, नरेश सिंह परमार, पूर्व पार्षद जगन्नाथ कुशवाह, महेश कुमार विकल ,विमल जैन ,अरुण जैन, पुरुषोत्तम कपासिया, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश सखवार ,देवेंद्र सखवार, वीरेंद्र ,अंकुर मावई ,जीतू शर्मा, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अजय शेरा तोमर, राजू पाराशर, शिवनारायण सखवार, सरदार सिंह तोमर, राजन खान, हारून खान उपस्थित रहे।

## वन-टू-वन

### बिस्मिल जी का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान नारों से गूंजा अंबाह



मुरैना। स्वतंत्रता संग्राम के अमर योद्धा पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर आचार्य आनंद क्लब द्वारा आयोजित संक्षिप्त पुण्य स्मरण कार्यक्रम में अंबाह में बिस्मिल जी का बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान, भारत मां का वीर सपूत अमर रहे-अमर रहे जैसे नारों की गूंज सुनाई दी। नगर पालिका चौराहा स्थित बिस्मिल पार्क में प्रातः आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित हुए आचार्य आनंद क्लब के सदस्यों ने सर्वप्रथम पार्क में श्रमदान द्वारा साफ़ सफाई कर मूर्ति का जलाभिषेक किया। उसके बाद पुण्य स्मरण श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य, बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर, आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक बालकृष्ण शर्मा, क्रीड़ा भारती के प्रांतीय पदाधिकारी अरविंद मावई, समाजसेवी दुष्यंत सिंह तोमर, कार्यक्रम संयोजक विश्वनाथ गुर्जर, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अंकित मिश्रा, नीलेश शर्मा, परमाल सिंह परिहार, महिंद्र सखवार और सचिव मनोज पंडित उपस्थित थे।

### जीवन के लिए पोधारोपण आवश्यक, आओ पेड लगाऐ हमः बंसल



झुण्डपुरा। नगर झुण्डपुरा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सीएमओ अशोक बंसल के निर्देशन और मार्गदर्शन में शासकीय बालक हायरसेकंडरी विधालय परिसर पर पोधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी क्रम मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित श्री बंसल ने पोधारोपण किया और लगाए गए पोधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर श्री बंसल ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए पोधारोपण अति आवश्यक है, पोधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना चाहता हूं। समाज के प्रति व्यक्ति को कम से कम एक पोधा लगाने की जिम्मेदारी अवश्य लेनी चाहिए। आगामी समय में बरसात आ रही है। उन्होंने कहा कि वृक्ष मनुष्य को प्रकृति का दिया एक वरदान है। पोधारोपणा एक पुनीत कार्य है। वृक्ष जीवन का आधार है, वृक्षों से हमें प्राणवायु आक्सीजन मिलती हैं। हम सभी को पोधे लगाने का संकल्प लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि पोधारोपण एक पुनीत कार्य है, पेडो से हमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से अनेक चीजें मिलती हैं। इस अवसर धर्मेंद्र राठौर, देवेंद्र रावत, अनिल शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने सीएमओ अशोक बंसल के साथ वृक्षारोपण किया तथा वृक्षों की देखरेख तथा सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

### समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं मुख्य नगरपालिका अधिकारीः सफाई कर्मचारी

**सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम को सोंपा ज्ञापन**

अम्बाह। नगर पालिका परिषद अम्बाह में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा रैली निकालकर हेमंत सारवान के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी राजीव समाधिया को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम निवास शर्मा के द्वारा सफाई कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। श्री शर्मा व्दारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है, सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी पर उपस्थित होने के बाबजूद भी जबरन अनुपस्थिति लगाई जाती है, बिना कारण कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार के दुर्व्यवहार करने वाले मुख्य नगरपालिका अधिकारी का शीघ्र स्थानांतरण किया जाए। सफाई निरीक्षक प्रभारी को बदलकर उनके स्थान पर प्रभार सीनियर सफाई कर्मचारी को सौपा जावे, साथ ही सफाई कर्मचारियों से 8 घण्टे ही कार्य लिया जावे एवं कार्य स्थल पर ही उनकी हाजिरी भरी जावे। इसी तरह महिला सफाई कर्मचारियों से कचरा गाडियां ना चलवाई जावे।

रोटरी क्लब की अभिनव पहल...

## झोपड़-पट्टी के बच्चों को स्वल्पाहार कराते हुए सुनाई बिस्मिल की शौर्य गाथा



अम्बाह। काकोरी कांड के नायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर रोटरी क्लब अंबाह के अध्यक्ष अंकित मिश्रा और बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर ने अभिनव पहल करते हुए झोपड़पट्टी में निवास करने वाले बच्चों को स्वल्पाहार कराते हुए बिस्मिल के शौर्य की गाथा सुनाई।आज प्रातः ही रोटरी क्लब के अध्यक्ष अंकित मिश्रा और बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर अपने समाजसेवी साथियों के साथ चंबल कॉलोनी के पीछे खुले प्रांगण में झोपड़पट्टी में निवास करने वाले परिवारों के बीच पहुंचे और उनमें रहने वाले बच्चों एवं परिजनों को बुलाकर बिस्मिल जयंती को अनोखे अंदाज में मनाया। रोटरी अध्यक्ष अंकित मिश्रा ने वहां उपस्थित बच्चों और परिजनों को पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के बचपन से लेकर और स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी योगदान तक की कथाएं सुनाई जिन्हें सुनकर बच्चे रोमांच से भर उठे। इस अवसर पर समाजसेवी सुधीर आचार्य, ब्रजकिशोर गुरजवार, देव गुर्जर और राजेश तोमर भी उपस्थित थे। उपस्थित सभी बच्चों को समोसे जलेबी चॉकलेट चिप्स का स्वल्पाहार कराने के साथ-साथ ज्ञानवर्धक पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

## बीमारी से बचने के लिए स्वच्छता निरीक्षक ने दुकान दुकान जाकर पर्चा देकर दुकानदारों को दी समझाइश

पोरसा। कोरोनावायरस नामक बीमारी से बचने के उपायों का टेंपलेट लेकर दुकान दुकान पर स्वच्छता निरीक्षक शिशुपाल सिंह तोमर ने दिया, वह समझाइश दी द्य नगर पालिका परिषद पोरसा के सीएमओ अमजद गनी के नेतृत्व में शहर में कोरोनावायरस से बचने के लिए समझाइश स्वरूप टेंपलेट दुकान दुकान पर पहुंचाएं आज स्वच्छता निरीक्षक शिशुपाल सिंह तोमर ,भूपेंद्र सिंह तोमर , आदि के द्वारा दुकान दुकान पर जाकर टेंप्लेट दिए तथा बीमारियों से बचने के लिए समझाइश जी एवं मलेरिया के बारे में भी समझाया।

बिस्मिल जयंती पर

## बिस्मिल जी का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान नारों से गूंजा अंबाह



अम्बाह। स्वतंत्रता संग्राम के अमर योद्धा पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर आचार्य आनंद क्लब द्वारा आयोजित संक्षिप्त पुण्य स्मरण कार्यक्रम में अंबाह में बिस्मिल जी का बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान,भारत मां का वीर सपूत,अमर रहे,अमर रहे जैसे नारों की गूंज सुनाई दी। नगर पालिका चौराहा स्थित बिस्मिल पार्क में प्रातः आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित हुए आचार्य आनंद क्लब के सदस्यों ने सर्वप्रथम पार्क में श्रमदान द्वारा साफ़ सफाई कर मूर्ति का जलाभिषेक किया। उसके बाद पुण्य स्मरण श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी डॉक्टर सुधीर आचार्य, बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर, आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक बालकृष्ण शर्मा, क्रीड़ा भारती के प्रांतीय पदाधिकारी अरविंद मावई, समाजसेवी दुष्यंत सिंह तोमर कार्यक्रम संयोजक विश्वनाथ गुर्जर, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अंकित मिश्रा,नीलेश शर्मा, परमाल सिंह परिहार , महिंद्र सखवार और सचिव मनोज पंडित उपस्थित थे।

## वन विभाग एसडीओ पर हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



मुरैना। बुधवार की देर रात वन विभाग की टीम पर हमला करने वाले माफिया पर आखिरकार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और कुछ नामजद आरोपियों में से 3 को शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस की काफी किरकिरी हो गई थी और अब पुलिस ने अपने दामन पर लगे कलंक को मिटाने के लिए यह प्रयास किया है। चम्बल अभ्यारण की एसडीओ श्रध्दा पांढरे ने अवैध रेत माफियाओं के खिलाफ ताबडतोड कार्यवाही की हैं। जिसके बाद माफिया बोखलाए हुए है और हमला करने से भी नहीं चूक रहे हैं। दो दिन पूर्व वन विभाग की टीम देवगढ थाना क्षेत्र के पठानपुरा में रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पकडकर थाने में सुपुर्दगी करने जा रही थी, तभी नहर पर ग्रामीणों के द्वारा लाठी डंडों से हमला कर ट्रैक्टर ट्रॉली छुडाकर ले गए। इसके बाद एसडीओ ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था, जिसमें 7 नामजद और 100 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुडाने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए देवगढ थाना प्रभारी को दिशा निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात देवगढ थाना पुलिस हरकत में आई और देवगढ थाना प्रभारी अरुण सिंह कुशवाह ने मय टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर दविश देकर आरोपी सरनाम सिंह पुत्र उम्मेद सिंह सिकरवार और मरैया पुत्र भोलाराम शर्मा को लोहिकपुरा गांव और भरत सिंह पुत्र लाल सिंह को पठानपुरा से गिरफ्तार करने में सफलता हाँसिल की है। गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों को 24 घंटे पहले वन विभाग की एसडीओ पर हमला करने के मामले में आरोपी बनाया गया था, जिसमें अभी कुछ आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही हैं। इस पूरे मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया का कहना हैं कि वन विभाग की एसडीओ पर हमला करने वालों को चिन्हित कर लिया है। जिसमें 3 लोगों को दविश देकर गिरफ्तार कर लिया है, शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दविश दी जा रही हैं। इसके बाद जो भी कार्यवाही की जाएगी, प्री प्लानिंग के साथ की जाएगी। जिसमें माइनिंग, एसटीएफ, रेवन्यू और पुलिस के साथ मिलकर माफियाओं के खिलाफ दविश दी जाएगी, जिससे माफिया किसी भी अधिकारी पर हमला न कर सके।

## राज्यसभा सांसद सिंधिया मिले शोक संतप्त परिवारों से



मुरैना। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना पहुंचे और शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर सांत्वना प्रदान की तथा दुख जताया। श्री सिंधिया के एस ऑइल्स के चेयरमैन रमेश चंद गर्ग के निवास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हमीर पटेल, व्यवसायिक बैंक के अध्यक्ष केशव अग्रवाल, पूर्व मंत्री एदल सिंह कंसाना एवं पूर्व विधायक सोबरन सिंह मावई के पुत्र सत्येंद्र मावई के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके घर पर पहुंचे। पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर श्री सिंधिया ने उन्हें सांत्वना दी और दुःख जताया। उन्होंने कहा कि आप की पीड़ा में वह सदैव आपके साथ हैं। इस अवसर पर उनके साथ विधायक, पूर्व विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिन वार्डो में शत प्रतिशत वैक्सीन लग जायेगी उन वार्डो में लगेगा समस्या निवारण शिविरः राजीव समाधिया



अम्बाह। संपूर्ण नगर में पात्र लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए प्रशासन ने प्रत्येक वार्ड में अलग-अलग दिनों में स्पेशल वेक्सीनेशन शिविर लगाने का फैसला किया है, जिसके तहत नगर में सर्वप्रथम वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 में शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए शासकीय बालक छात्रावास में बीएमओ डॉ डीएस एवं अस्पताल के स्टाफ द्वारा टीकाकरण कार्य प्रारंभ किया गया। इस शिविर का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी राजीव समाधिया ने कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए किया। श्री समाधिया ने इस अवसर पर लोगो का आव्हान किया कि हम आप सब मिलकर वार्ड में शत-प्रतिशत टीकाकरण करवाएं इसके लिए स्वास्थ्य विभाग आपको हर संभव सुविधा उपलब्ध करायेगा।

एसडीएम श्री समाधिया ने आपदा प्रबंध समिति के पदाधिकारियों व जन सामान्य से कहा कि आप सब अपने वार्ड में शत प्रतिशत टीकाकरण में अपना योगदान करें और इस महामारी को रोकने के लिए अपना सर्वोच्च योगदान दे आपके वार्ड में शत-प्रतिशत टीकाकरण होने पर वार्ड वासियों को संयुक्त रूप से प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस किसी ने आपसे प्रेरित होकर टीकाकरण करवाया है, वह व्यक्ति इस महामारी से मुक्त होगा और वह अपने परिवार को भी सुरक्षित करेगा। इसलिए आप पहल करें एवं टीकाकरण के लिए आप अपना योगदान निश्चित समय में पूर्ण भी करें 90% या उससे अधिक टीकाकरण होने पर वार्ड की समस्याओं के निराकरण हेतु वार्ड में ही जन समस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा।

## ग्रीष्म कालीन मूंग फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु पंजीयन 16 जून तक



मुरैना। मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के आदेशानुसार ग्रीष्म कालीन मूंग फसल के पंजीयन का कार्य 16 जून 2021 तक किया जायेगा। इसके लिये कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने जिले में 7 पंजीयन केन्द्र बनाये है। जिनके लिये एक-एक नोडल अधिकारी भी आरईओ स्तर का नियुक्त किया गया है। जानकारी में बताया गया है कि अम्बाह विकासखण्ड के विपणन सहकारी समिति अम्बाह में कृषि उपज मंडी प्रांगण में, पोरसा में विपणन सहकारी समिति द्वारा कृषि उपज मंडी पोरसा, मुरैना में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति दीखतपुरा द्वारा कृषि उपज मंडी मुरैना, जौरा में विपणन सहकारी समिति द्वारा कृषि उपज मंडी जौरा में, पहाडग? में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कृषि उपज मंडी पहाडग? में, कैलारस में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कैलारस उपज मंडी में और सबलग? में विपणन सहकारी समिति द्वारा कृषि उपज मंडी सबलग? में पंजीयन कार्य किया जायेगा। इसके लिये प्रत्येक केन्द्र पर एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। जिसमें अम्बाह के लिये श्री राकेश शर्मा का मोबाइल नंबर 9907470660, पोरसा के लिये श्री राजेन्द्र सिंह भदौरिया का मोबाइल नंबर 9826802352, मुरैना के लिये श्री प्रेम सिंह खन्ना का मोबइल नंबर 9826240714, जौरा के लिये श्री एमएन शुक्ला का मोबाइल नंबर 9826553424, पहाडग? के लिये श्री आरएस जादौन का मोबाइल नंबर 9977975001, कैलारस के लिये श्री मोहनलाल शर्मा का मोबाइल नंबर 9826397009 और सबलग? के लिये श्री अशोक मेहकाले का मोबाइल नंबर 9630061456 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बच्चों का ट्रायल

कोरोना से बचाव का एकमात्र तरीका वैक्सीन है। यह दुनिया के सभी देश मान रहे हैं। मगर भारत में आज भी कई लोग कोरोना की वैक्सीन लगवाने से भी हिचक रहे हैं। बहाने बना रहे हैं या झूठ बोल रहे हैं। उन्हें डर है कि कहीं वैक्सीन लगाने से मर गए तो क्या होगा। माना कि कुछ लोगों की मौत वैक्सीन लगाने के बाद हुई, मगर आज तक यह प्रमाणित नहीं हो सका कि मौत का कारण सिर्फ वैक्सीन रही।



वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों और डर को दूर भगाने का सबसे बड़ा उदाहरण पटना एम्स में देखने को मिला है। पिछले एक हफ्ते से दिल्ली और पटना एम्स में बच्चों पर कोरोना वैक्सीन का ट्रायल चल रहा है। पटना एम्स में पहले स्टेज के ट्रायल में 12 से 18 साल के जिन 27 बच्चों को शामिल किया गया है, उनमें 40 फीसदी बच्चे डॉक्टरों के हैं। इनमें चार बच्चे तो एम्स के ही डॉक्टरों के हैं। खगौल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना ने अपने तीनों बच्चों पर वैक्सीन का ट्रायल कराया। पिछले साल वे खुद भी वैक्सीन ट्रायल में शामिल हुई थीं। वहीं एम्स की बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी की हेड डॉ. वीणा ने 13 साल के बेटे सत्यम सिंह को ट्रायल में शामिल कराया। दूसरे चरण के ट्रायल में वे 7 साल के दूसरे बेटे सम्यक को भी शामिल कराएंगी। इसके लिए जल्द ही स्क्रीनिंग होगी। डॉ. वीणा ने भी खुद पर एम्स में ही पिछले साल कोवैक्सिन का ट्रायल कराया था। इसके अलावा एम्स की ही पैथोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी तिवारी ने अपनी14 साल की बेटी अनुभूति शर्मा को ट्रायल में शामिल कराया है। पटना एम्स में बच्चों पर कोवैक्सिन का ट्रायल चल रहा है। 12 से 18 साल के 27 बच्चों पर पहले डोज का ट्रायल हो चुका है। इन्हें अब 28 दिन के बाद दूसरा डोज दिया जाएगा। एम्स में दूसरे स्टेज यानी 6 से 12 साल के बच्चों पर ट्रायल के लिए स्क्रीनिंग शुरू हो गई है। एम्स के 5 डॉक्टर भी इसके लिए अपने बच्चों की स्क्रीनिंग करवाने वाले हैं। करीब 25 बच्चों पर दूसरे स्टेज का ट्रायल एक सप्ताह में हो जाने की उम्मीद है। उसके बाद 2 से 6 साल के बच्चों पर ट्रायल शुरू होगा। इसमें भी करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। एम्स के एमएस डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि तीसरे स्टेज का ट्रायल खत्म होने के 56 दिन बाद एंटीबॉडी का टेस्ट किया जाएगा। डॉक्टरों का कहना है कि वैक्सीन बनने की प्रक्रिया कई चरणों से गुजरती है, ऐसे में ट्रायल के दौरान खतरा ना के बराबर रह जाता है। पटना और दिल्ली के डॉक्टरों के साथ जिन लोगों ने अपने बच्चों को ट्रायल के लिए आगे किया है, वे प्रशंसा के पात्र हैं। हो सकता है कि इसके बाद उन लोगों की भी आंखें खुलें जो अभी डर के मारे घरों में बैठे हैं और कोरोना के खिलाफ लड़ाई को कमजोर कर रहे हैं। इस बात से कोई इंकार नहीं करेगा कि बच्चों पर महामारी का खतरा कहीं ज्यादा बड़ा है। इसीलिए टीके बनाने के लिए कंपनियां युद्धस्तर पर जुटी हैं। महामारी से बचाव के लिए देश में टीकाकरण चल ही रहा है। पहले चरण में चिकित्साकर्मियों और अन्य कर्मियों जैसे पुलिस और सुरक्षाबल के जवानों को इसमें शामिल किया गया था। फिर साठ साल से ऊपर वालों को इसमें जोड़ा गया। और उसके बाद 45 से 60 साल के लोग इस अभियान में शामिल किए गए।

## लाशों पर भविष्य

एक राजा अपने राज्य में पानी की किल्लत से परेशान था। यह बात उसने अपने मंत्री को बताई। उसका मंत्री बहुत ही चतुर, महा भ्रष्ट और बेईमान था। मंत्री ने एक ठेकेदार से मिलकर योजना बनाई और साझेदारी में अपना कमीशन तय कर लिया। अगले ही दिन मंत्री राजा के सामने अपना सुझाव लेकर उपस्थित हो गया। मंत्री ने राजा को बताया कि मैं एक ठेकेदार को जानता हूं जो गांव के सभी घरों के आगे छोटी-छोटी पानी की टंकी रखवा देगा। इतना ही नहीं उसके पास एक अपनी मोटर गाड़ी भी है जिसके द्वारा वह पानी का टैंकर प्रतिदिन ले जाकर घरों में उन सभी पानी की टंकियों को भर दिया करेगा। राजा ने कहा ÷लेकिन प्रत्येक घर के आगे पानी की टंकियों को बनवाने में तो बहुत खर्चा आएगा।÷ मंत्री ने कहा ÷इसकी चिंता आप मत करिए मैंने ठेकेदार को मना लिया है कि घरों के आगे पानी की टंकी वह अपने खर्चे से सभी घरों में लगाएगा। बस हमें तो इतना करना है कि ठेकेदार को एकमुश्त रकम प्रतिमाह देनी है।÷ राजा ने मंत्री से फिर पूछा कि ÷आखिर वह टैंकर में पानी कहां से भरेगा?÷ मंत्री ने बताया कि ÷ठेकेदार के पास खुद का कुआं है जिसमें से वह पानी लाकर सप्लाई करेगा।÷ राजा के मन में इस काम के बदले हर महीने की इतनी ज्यादा धनराशि ठेकेदार को दिए जाने को लेकर संशय पैदा हो रहा था। तब मंत्री ने सुझाव दिया कि ÷यह योजना पहले एक गांव में शुरू कर के देख लेते हैं।÷ जनता की भलाई को देखते हुए राजा तैयार हो गया।

योजना सफल रही और प्रजा खुश होकर राजा की जय जयकार करने लगी। मंत्री और ठेकेदार को भी इसमें अच्छा खासा मुनाफा और कमीशन मिलने लगा। दोनों ने मिलकर राजा को सुझाव दिया कि यह योजना हम राज्य के सभी गांव में शुरू कर देते हैं। राजा बने रहने के लिए प्रजा का उसके प्रति खुश रहना आवश्यक है यही सोच कर राजा ने राज्य के सभी गांव में योजना लागू कर दी। राजा ने इस योजना का नाम ÷जल प्रदाय योजना÷ रख कर उसका संपूर्ण प्रभारी भी उस मंत्री को बना दिया। राजा ने इसके बदले जनता से अच्छा खासा टैक्स वसूलना शुरू कर दिया और जनता भी खुशी-खुशी टैक्स देने को तैयार हो गई। ठेकेदार ने योजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया और राज्य के प्रत्येक गांव में योजना शुरू कर दी।

जब इतने सारे गांव में एक ही कुएं से पानी जाने लगा तो कुआं सूखने लगा। धीरे-धीरे ठेकेदार ने पानी की सप्लाई एक दिन छोड़कर करना शुरु कर दिया। अब पानी की सप्लाई कभी किसी गांव में तो कभी किसी गांव में होने लगी। प्रजा रोजाना जल प्रदाय मंत्री से शिकायत करती लेकिन मंत्री ठेकेदार के साथ मिला हुआ था इसलिए सभी शिकायतों को नजरंदाज कर देता था और राजा तक पहुंचने ही नहीं देता था। ठेकेदार और मंत्री खूब मालामाल हुए जा रहे थे और जनता टैक्स पर टैक्स भरे जा रही थी।

एक वर्ष बारिश कम हुई और जमीन के पानी का स्तर नीचे गिर गया और ठेकेदार का कुआं भी सूखने लगा। अब ठेकेदार के लिए सभी घरों में पानी नियमित रूप से पहुंचाया जाना संभव नहीं था। अब चारों तरफ हाहाकार मचने लगा, जनता पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर प्यास से मरने लगी। राजा और मंत्री ने राज्य के सभी ठेकेदारों को इकट्ठा कर पानी का इंतजाम करने में लगा दिया। मंत्री और ठेकेदार मिलकर दिन रात मेहनत कर लोगों को दिखाते रहे कि हम कुंए से जितना ज्यादा पानी ला सकते है लाकर सप्लाई कर रहे हैं लेकिन मूर्ख जनता को कौन बताए! कि सभी गांवों में पानी की टंकी लगवाने के साथ साथ मंत्री और ठेकेदार को नए कुएं भी खुदवाना चाहिए थे। राजा ने पुराने सूखे हुए कुएं और बावड़ियों को और गहरा करवाने और नए-नए कुएं खुदवाने का ठेका ठेकेदारों को दे दिया। लेकिन जब तक पुरानी बावड़ियों और नए कुओं से पानी का इंतजाम हो पाता तब तक हर गांव में ना जाने कितने छोटे-छोटे बच्चे , महिलाएं, युवा - वृद्ध की सूखे ( डिहाइड्रेशन ) के कारण मृत्यु हो चुकी थीं। बच्चे अनाथ हो गए, औरतें बेवा हो गईं और पुरुष विधुर। किसी घर में सिर्फ औरतें बची थी तो किसी घर में सिर्फ मर्द। कुछ घर ऐसे भी थे जिनमें सिर्फ पति-पत्नी बचे थे। और कुछ घर ऐसे थे जहां बूढ़े मां-बाप के साथ-साथ जवान बेटा बेटी भी खत्म होने के कारण आगे और पीछे की दोनों पीढ़ियां खत्म हो चुकी थी। सब तरफ लाशों के ढेर लग गए। लाशों को जलाने के लिए लकड़ी और दफ़न करने के लिए जमीन भी कम पड़ गई। चारों तरफ कफ़न में लिपटी लाशें दिखाई देने लगी। कुछ लाशों को तो कफ़न तक भी नसीब नहीं हुआ।



कुछ दिनों बाद एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें कई राज्यों के राजा एवं मंत्री एकत्रित हुए जो सजे हुए मंच पर विराजमान थे। ये जो मंच आयोजन था वो अनाथ हुई जनता का सम्मान था। सबसे आगे की पंक्ति में कुर्सियों पर छोटे-छोटे अबोध अनाथ बच्चे बच्चियां बैठाए गए थे। सबसे पहले मंत्री और ठेकेदार को पानी की किल्लत के दौर में दिन रात मेहनत करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुरस्कृत किया गया। फिर बारी बारी से एक एक बच्चे को मंच पर बुलाकर राजा के द्वारा माला पहनाई गई और गले में स्कूल का बस्ता और किताबें देकर सम्मानित किया गया। वयस्क होने तक उनकी पढ़ाई की समस्त जिम्मेदारी ली गई। तभी जोर की आवाज करता हवाई जहाज आसमान से गुजरा और सभी बच्चे आकाश की ओर देखने लगे। तभी मंच पर बैठा मंत्री मुस्कराया और राजा को विदेश के स्कूल में दाखिले के लिए जा रहे उनके बेटे के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।


**लेखक**
**डॉ. सुनील अग्रवाल**
**प्राध्यापक सर्जरी**
**गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय**
**ग्वालियर, मध्य प्रदेश।**


## प्रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे। अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

## लोकतंत्र में केंद्र -ताकतवर हो - या विश्वसनीय ?

**बृजमोहन श्रीवास्तव**

10 जून 1999 में जब श्री शरद पवार जी ने अपने राजनैतिक साथियों व लाखों समर्थकों के साथ कांग्रेस से त्यागपत्र देकर एक नये राजनीतिक दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की स्थापना की थी । उस समय देश में विदेशी मूल के व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाया जाये अथवा नहीं के मुद्दे पर राजनीति में भूचाल आया हुआ था । राष्ट्र प्रेम मराठों के खून में हमेशा बहता है और इससे सराबोर श्री पवार ने जनभावनाओं को भी समझते हुए इसका विरोध किया जबकि यह विरोध किसी व्यक्ति विशेष के ख़िलाफ़ नहीं था। इस मुद्दे पर जिस प्रकार उन्होंने निर्णय लिया उससे उनकी छवि देश में राष्ट्रीयता व देश के लिये संघर्ष करने वाले राजनेता के रूप में बनी जो आज 23 वर्ष बाद भी यथावत है।

आज देश में फिर से समय की माँग है कि राष्ट्रीयता को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर आवाज़ उठायी जाए क्योंकि इस बार यह आवाज़ देश के 140 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य व जीवन,उनके रोज़गार और उन्हें आर्थिक दबाव से मुक्त करने के लिए उठाना ज़रूरी हो गया है ।भारत जैसे विविधता वाले देश में आज हमें एक ऐसा मज़बूत केंद्रीय नेतृत्व चाहिए जिस में प्रत्येक व्यक्ति का विश्वास हो और जिसकी नेतृत्व क्षमता व दूरदर्शिता का हर व्यक्ति कायल हो।आज केन्द्र में बहुमत की सरकार होने के बाद भी हालात यह हैं कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बैठक में देश के मुखिया को आधे धन्टे इंतज़ार करा देती है । यह मुद्दा दम्भ से कहीं अधिक अविश्वास का है जो सिद्ध करता है कि भरोसा कम हुआ है। तमिलनाडु के वित् मंत्री या झारखण्ड व आँध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री भी विश्वास का संकट महसूस कर रहे हैं तो यह साफ़ है कि केन्द्र पर भरोसा कम हुआ है। यह बात सिर्फ़ हमारे देश तक सीमित नहीं है क्योंकि पड़ोसी मुल्क भी शायद अविश्वास की भावना से प्रभावित लगते हैं क्योंकि तभी उन्हें विस्तारवादी व शोषक देश भी भारत से बेहतर लग रहे हैं ।

देश की इन परिस्थितियों में अब केंद्र में ऐसे प्रमाणित राजनेता की ज़रूरत हैं जो भरोसा पैदा कर सके। विश्वास और दूरदर्शिता की कसौटी पर आज की राजनैतिक परिस्थितियों में श्री शरद पवार जी ही सबसे खरे राजनेता है। 50 वर्ष के राजनैतिक जीवन में कभी कोई चुनाव ना हारने वाले,देश व प्रदेश में सरकार के विभिन्न पदों पर काम करने का अनुभव व विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को सफलतापूर्वक प्रमाणित होने का सबसे अच्छा रिकॉर्ड निश्चित रूप से श्री शरद पवार के खाते में ही आता है ।पवार साहब सत्ता में रहे हों या सत्ता से बाहर पर सभी राजनैतिक दल के वरिष्ठ नेता,पदाधिकारी व साधारण कार्यकर्ता भी उनसे सीधा संवाद करने में संकोच नहीं करते है क्योंकि उन्हें विश्वास होता है कि वे उनकी बात तो सुनेंगे ही व उदारता पूर्वक मदद भी करेंगे।उनकी यह भी ख़ूबी है कि वो राजनीतिक रिश्तों को वगैर अहसास हुये पारिवारिक अपनेपन में ढाल लेते हैं । देश के उद्योगपति,व्यापारी व किसान आज भी सर्वाधिक विश्वास श्री शरद पवार पर करते हैं । उन पर देश के खिलाड़ियों व युवाओं का भी गहरा विश्वास है । उनकी राजनैतिक सूझबूझ व दूरदृष्टि तथा कठिन से कठिन परिस्थितियों से सफलतापूर्वक निपटने के लिए दी गई उनकी सलाह के कई क़िस्से गाँवों व शहरों से लेकर देश की राजधानी दिल्ली के राजनीतिक गलियारे में सुनाई देते है । देश या किसी भी प्रदेश के अफ़सर व कर्मचारी यह कहते हुए मिलेंगे कि जितने सम्मान व अपनेपन से श्री शरद पवार काम लेना जानते हैं ऐसा दूसरा राजनेता अभी कोई और नहीं है । श्री पवार के साथ काम करने वाले हज़ारों सेवानिवृत्त लोग आज भी उनके कहने पर विश्वास करते हैं क्योंकि उनका अनुभव बताता है किसी भी आदेश को देने के बाद समय आने पर वो ज़िम्मेदारी अपने कंधों पर लेकर अपने अधीनस्थों का बचाव भी करते हैं । देश के सुरक्षा बलों में भी उनके हज़ारों प्रशंसक यह कहते हुये मिलेंगे कि त्वरित व सटीक फैसले लेने में उनकी कोई बराबरी नहीं कर सकता । पवार साहब ने अपने 50 वर्ष की इस लंबी यात्रा में संसार के विभिन्न नेताओं को भी अपनी कार्यप्रणाली से प्रभावित करते हुये उनका विश्वास जीता है ।आज भी विदेशी राजनेताओं में उनकी दूरदृष्टि व विश्वसनीयता चर्चित रहती है जबकि वे कभी विदेश मंत्री नहीं रहे हैं ।देश का मीडिया हो या विदेशी मीडिया,पवार साहब को वे सबसे विश्वसनीय राजनेता मानते हैं और यही कारण है कि उनके हर बयान को हमेशा मीडिया में महत्व मिलता है । आज देश के केंद्र में ऐसे ही विश्वसनीय राजनेता की ज़रूरत हर स्तर पर महसूस की जा रही है और यही कारण है कि विभिन्न अवसरों पर कई बार यह तुलना होने लगती है कि यदि देश की इस कठिन राजनैतिक या प्रशासनिक परिस्थिति में श्री शरद पवार होते तो वे क्या निर्णय लेते ?

## कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय है टीकाकरण !

### सूडोकु नवताल-5739

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5738 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

*विश्व के कोने कोने में कोरोना ने जिस तरीके से तांडव किया, उससे आज सभी भलिभाँति परिचित है। करोड़ो लोग इस संक्रमश के प्रतिकूल प्रभाव से काल के गाल में चले गये। घर के घर साफ हो गये। कई चर्चित चेहरों को हमने खो दिया। व पैसा काम आया, न ताकत। इससे बचाव करने की प्रक्रिया में कई बचाव करने वाले ही इसका शिकार हो गये।*

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

हमारा देश भी इस तरह के परिवेश से अछूता नहीं रहा। कोरोना के पहले चरण को रोकने के लिये कई कठोर कदम उठाये गये। चलती फिरती चिंदगी थम गई। लोगों की रोजी रोटी छीन गई। लोग इसके शिकार होते गये और हम खैफनाक दृश्य आंखों से देखते रह गये। अंततः कोरोना से बचाव की गाइड लाइन का पालन करते हुए इस पर विजय पा ली। कोरोना के पांव एक बार थम गये।सभी ने राहत की सांस ली। एक बार फिर से थमी जिंदगी पटरी पर चल पड़ी। इसके बदले में हमने बहुत कुछ त्याग किया। पर्व त्योहार मनाना छोड दिया। एक दूसरे से मिलना जुलना बंद कर दिया। कोरोना फैलने वाले माध्यमों से अपने को अलग कर लिया जिसका परिणाम अच्दा निकला। एक बार लगा कि कोरोना जड़ से खत्म हो गया और हम फिर से असावधान हो गये। जिसका परिणाम सामने तत्काल आ गया। कोरोना दूसरे चरण में पहले से भी तेज गति से प्रवेश कर गया। इस दौर में पहले से कई गुणा ज्यादा लोग इसके शिकार हुए एवं काल के गाल में समाते चले गये। श्मशान पर लाशें बिछ गई। इस दौरान आक्सीजन की कमी से भी कई मौत हो गई। जब कि



कोरोना से बचाव के लिये इस चरण से पूर्व ही देश में टीकाकरण शुरू हो गया। सबसे पहले कोरोना से बचाव करने के मार्ग में खड़े चिकित्सक, सेवाकर्मी, पुलिस सहित उन सभी को टीका लगाया गया जो फ्रांट लाइन में लगातार अपनी सेवाएं कोरोना से लोगों को बचाने में दे रहे थे। दूसरे चरण में वृद्ध जनो को टीका लगाया गया एव तीसरे चरण में वच्चों को छोड़ देश के युवा वर्ग से लेकर हर उम्र के लोगों को टीका लगाने का कार्यक्रम जारी है। इस प्रक्रिया में कुछ लोगों को टीका लगने के बाद भी कोरोना हो गया, अधिकांश तो ठीक हो गये पर कुछ काल के शिकार हो गये। इस तरह के परिवेश ने आम लोगों के मन में टीका के प्रति भय पेदा कर दिया जिससे लोग टीका लगाने से दूर भागने लगे। इस प्रक्रिया में उनको और डराने के क्रम में अलग - अलग सोशल मीडिया पर टीका के खिलाफ आ रही भ्रामक न्यूज भी अपना करतब दिखा गई। टीका के बारे सोशल मीडिया में अनेक तरह के भ्रामक समाचार आने लगे। टीका जल्दी आ गया, इस पर भी प्रश्न होने लगे। जब कि देश के वैज्ञानिक , वरिश्ट चिकित्सक बार बार इस टीके को सही एवं उपयोगी बताने में लगे हुये है। इस बारे में बार - बार उनके द्वारा कहा जा रहा कि टीका लगाने से कोई साइड इफेक्ट नहीं है। विश्ह्याश परिस्थिति में हल्का बुखार, शरीर में दर्द होने की संभावना हो सकती है जो परामिशटोल के एकाध डोज से ठीक हो सकता हे। टीका लेने के बाद यदि किसी को कोरोना हो भी गया तो वो आसानी से घर में ही इलाज लेकर चज सकता है। उसे कोरोना के चलते गंभीर स्थिति पैदा होने की संभावना बहुत कम ही रहती।

केरोना से बचाव का एकमात्र उपाय टीकाकरण ही है। इस बात को आम लोगों को समझना एवं भ्रामक न्यूज से दूर रहना बहुत जरूरी है। कोरोना का आगामी चरण अब न हो प्रभावी हो, इसके लिये जरूरी है कि कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए टीकाकरण प्रक्रिया को देशभर में सफल बनायें।

## बच्चों के मौलिक अधिकारों को बाधित करता है बालश्रम

**अतुल गोयल**

बाल श्रम के खिलाफ हर साल 12 जून को 'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस वर्ष 2002 में बाल श्रम को रोकने के लिए जागरूकता और सक्रियता बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था। बाल श्रम इतनी आसान समस्या नहीं है, जितनी लगती है। बच्चों को उनकी इच्छा के विरुद्ध किसी भी प्रकार के काम में शामिल करने का कार्य है बाल श्रम, जो उनके मौलिक अधिकारों को बाधित करता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 के अनुसार चौदह वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने या खदान में या किसी खतरनाक रोजगार में नियोजित नहीं किया जाएगा। बाल श्रम की समस्या केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे विश्व में प्रचलित है। यह समस्या अफ्रीका और भारत सहित कई अविकसित या विकासशील देशों में प्रमुख है। बाल श्रम एशिया में 22 फीसदी, अफ्रीका में 32 फीसदी, लैटिन अमेरिका में 17 फीसदी, अमेरिका, कनाडा, यूरोप और अन्य धनी देशों में 1 फीसदी है।

जब हम किसी रेस्तरां, टी-स्टॉल, होटल, कारखानों अथवा चूड़ी उद्योग में जाते हैं तो हम वहां 14 साल से कम उम्र के बच्चों को आसानी से काम करते हुए देख सकते हैं। सुबह-सुबह घर-घर अखबार बांटना, सड़क किनारे जूते पॉलिश करना, कूड़े-कचरे के ढ़ेर में कागज-पॉलीथिन चुनना, 21वीं सदी में भी जब खेलने-कूदने और पढ़ने-लिखने की उम्र में लाखों बच्चों को ऐसे कार्यों के जरिये अपने परिवार के लिए आय जुटाते देखते हैं तो बहुत दुख होता है। इसके अलावा बीड़ी उद्योग, कालीन उद्योग, कांच, पीतल, ज्वैलरी उद्योग सहित कई अन्य खतरनाक काम-धंधों में भी मासूम बचपन हाड़-तोड़ मेहनत करते देखा जाता है। बाल श्रम न केवल उन्हें उनकी आवश्यक शिक्षा से वंचित कर रहा है बल्कि जिस अस्वच्छ वातावरण के तहत वे काम कर रहे हैं, वहां तरह-तरह की बीमारियां होने की संभावना भी कई गुना ज्यादा रहती है। ऐसे माहौल में काम करने वाले बच्चों को सांस की बीमारी, त्वचा रोग, दमा, टीबी, रीढ़ की हड्डी की बीमारी, कैंसर, कुपोषण, समय से पहले बुढ़ापा इत्यादि कुछ घातक बीमारियां होने की संभावना बढ़ने के अलावा यह समस्या राष्ट्र की प्रगति और विकास के मार्ग में एक बड़ी बाधा के रूप में उभरती है।

## नैनो न्यूज

### दतिया मध्य प्रदेश मैं आपको दिखा रहा हूं इन तस्वीरों के जरिए



**संदीप प्रधान उप संपादक।** दतिया / देखें और अगर सहमत हैं तो ज्यादा से ज्यादा शेयर करें तो मित्रो सवाल यह है कि आज 1 जून 2021 से दतिया जिले को अनलॉक कर दिया गया लेकिन लेकिन सवाल बड़ा है कि आज से तकरीबन 1 महीने पहले दतिया पीतांबरा पीठ मंदिर के सामने वाला मुख्य मार्ग पर बनी हुई थी दो बारादरी बनी हुई थी जिनमें से एक ट्रैक्टर की टक्कर से पूर्ण तरीके से गिर चुकी जिसके गिरने से गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ किसी को जनहानि का नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन अब सवाल बड़ा है की दूसरी वाली बनी बारादरी जिसकी तस्वीरें मैं आपको दिखा रहा हूं कि किस यह बारादरी झर झर हो चुकी है अब सवाल यह है 1 जून 2021 से जिले को अनलॉक कर दिया गया लोगों का आना जाना चालू है और अगर यह बारादरी किसी कारण से उसी तरह गिरती है तो आखिरकार इसका जिम्मेदार कौन होगा शासन या प्रशासन। अगर दोस्तों मेरी बात से सहमत हैं तो ज्यादा से ज्यादा शेयर करें।

### आने वाली पीढ़ी को, पर्यावरण संरक्षण को लेकर उठाने चाहिए गंभीर क़दम -भीमसेन तोमर



थरा। आने वाली युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने और अपने दायित्वों को गंभीरता से लेना होगा तभी , आगे स्वच्छ पर्यावरण और वातावरण संभव होगा। आज देश कोरोना काल में बीमारी के साथ साथ स्वच्छ हवा के लिए भी संर्षघ कर रहा है। जिससे बीमार व्यक्ति को तुरंत प्राण वायु और प्राकृतिक आक्सीजन मिल सके। इसके लिए हमें आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण पर गंभीरता से चिंतन करने की कोशिश करनी चाहिए। देश में आधुनिकीकरण के नाम पर अनेकों जंगलों, आरक्षित क्षेत्रो का पहले से ही बहुत दोहन किया जा चुका है। अगर अभी भी समय रहते कोई ठोस और सराहनीय कदम नहीं उठाए गए तो मानव जीवन को आगे बढ़ाने में विज्ञान और तकनीक को इसके प्रति अभूतपूर्व कार्य करने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। इस लिए आज विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत के प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए और निभाते हुए। अपने परिजनों को, हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाने की पहल करनी चाहिए। कहावत भी है कि । एक पेड़ ,सौ पुत्रों के समान होता है। पानी और पर्यावरण बचाना है। अगर आगे जीवन पाना है।

### कार्तिकेय यादव ने लखना में किया वृक्षारोपण

अंकित लखना इटावा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्टीय महासचिव, राज्यसभा सांसद प्रवक्ता एवं राष्टीय सलाहकार प्रोफेसर रामगोपाल यादव के पौत्र कार्तिकेय यादव ने अखिल भारतीय दोहरे समाज महासंघ के प्रदेश प्रभारी अनिल दोहरे के आवास पर वृक्षारोपण किया । कार्तिकेय यादव ने कहा कि आज हमारा पर्यावरण खतरे में है जिसकी वजह निरन्तर पे?ों का काटा जाना। हम सब मिलकर संकल्प लें कि पर्यावरण को खतरे से बचाने के लिए इसी तरह वृक्षारोपण करते रहेंगे । कार्तिकेय यादव के दोहरे आवास पर प्रथम आगमन के उपलक्ष में अनिल दोहरे एवं उनके साथियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया । कार्तिकेय यादव ने कहा कि भरथना विधान सभा में अनिल दोहरे द्वारा किये गए समाजसेवी कार्यों को सिर्फ हम ही नही बल्कि सोशल मीडिया के माध्यम से पूरा देश देख रहा है । हम सभी के अथक प्रयासों से 2022 में सपा की सरकार बनकर रहेगी ।

### कुल्टी थाना को मिली कामयाबी



**अमन राय ।** कुल्टी। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट जहां एक ओर कोरोना काल में कोरोना गाइडलाइन को पालन करवाती दिख रही है, वहीं दूसरी ओर लोगों की सुरक्षा के लिए भी लगातार तत्पर है. पुलिस की तत्परता का उदाहरण इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते दिन नियामतपुर के एक घर से कुछ अपराधियों ने सोने के आभूषण चुरा लिए थे. इस बात की जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस तत्परता से खोजबीन करना शुरू कर दी.पुलिस चौबीस घंटे के अंदर आखिरकार उस आरोपी तक पहुंच गई, जिसने इस घटना को अंजाम दिया था. उसके पास से चोरी के सामान भी वापस मिल गया. पुलिस आरोपी को पकड़ने के बाद इसके ट्रेक रिकॉर्ड का पता करेगी, कि इसने और किस किस घटना को अंजाम दिया है,इनके गैंग में और कितने शातिर है. जिन्होंने इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया है. इस कामयाबी के बाद क्षेत्र के लोग पुलिस की प्रशंसा करते भी दिख रहे हैं।

# गायब रही राजधानी के बाजारों से पुरानी रौनक



**भोपाल।** करीब दो महीने बाद खुले शहर के बाजारों से कल पुरानी रौनक गायब रही। शहर के बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में बहुत कम लोग बाजार पहुंचे। दुकानदारों को अच्छी ग्राहकी की उम्मीद थी, जो पूरी नहीं हुई। 25 फीसद ग्राहक, कुछ दुकानदार व कर्मचारी ऐसे भी दिखे जिनके मास्क नाक से नीचे थे। सराफा, श्रंगार की दुकानों पर मामूली दबाव दिखा। ऐसी दुकानों पर गोले में खड़े रहकर ग्राहक अपनी बारी का इंतजार नहीं कर रहे थे। न्यू मार्केट क्षेत्र में कुछ कपड़ा दुकानों पर ग्राहकों का अधिक दबाव दिखा। ऐसी दुकानों पर कोरोना नियंत्रण की गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया। ग्राहकों के बीच एक-दूसरे से शारीरिक दूरी नहीं दिखी। ऐसे दुकानदार जागरूकता दिखाने के बजाय ग्राहकी करने में जुटे थे। महिलाओं के श्रृंगार की दुकानों पर भी दबाव दिखा। इसकी दो वजह हो सकती थी। एक तो दुकानें सीमित रहती हैं। दूसरा, 10 जून को वट सावित्री व्रत भी था। इस मौके पर महिलाएं खरीदी करती हैं। हालांकि, पूजन दिन में ही हो जाता है। सड़कों पर भी कम दबाव दिखा संभावना थी कि 60 दिन बाद खुल रहे बाजार के कारण गुरुवार को न्यू मार्केट, पुराने भोपाल क्षेत्र में वाहनों का दबाव बढ़ जाएगा। जाम की स्थिति भी बन सकती है। लेकिन शाम छह बजे तक जाम जैसी स्थिति देखने को नहीं मिली। दुकानदारों का पहला दिन साफ-सफाई में बीता। न्यू मार्केट के कपड़ा व्यापारी योगेश बघेल ने बताया कि शाम तक आठ से दस ग्राहक ही आए। उम्मीद थी कि सामान्य दिनों की तुलना में कम से कम 50 ग्राहक आएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 60 दिन बाद दुकानें खुली थीं। सुबह ग्राहकी भी नहीं थी। दुकानदारों ने पूजा-अर्चना की। शाम तक ग्राहकों का इंतजार किया। दुकानों में ग्राहकी भी हुई, लेकिन सामान्य दिनों की तुलना में बहुत कम ग्राहकी हुई है। सड़कों के किनारे सब्जी की दुकानें सामान्य दिनों की तुलना में अधिक थी, जिन पर ग्राहकी दिखी। मोबाइल, जूते, फल और खाने-पीने की दुकानों पर ग्राहक अधिक दिखे। बर्तन, ज्वेलरी आदि की दुकानों पर गिने-चुने ग्राहक ही पहुंचे।

## कैदियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण 15 जुलाई तक होगा: डॉ. मिश्रा



**भोपाल।** गृह एवं जेल मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया है कि मध्यप्रदेश की जेलों में निरुद्ध समस्त बंदियों का टीकाकरण 15 जुलाई तक सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव (जेल) डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि बंदियों के टीकाकरण का कार्य एक जून 2021 से प्रारंभ कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव जेल और अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेशानुसार स्वास्थ्य और जेल विभाग द्वारा कार्य को तत्परता से किया जा रहा है। डॉ. राजौरा ने बताया है कि अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि 45 दिवस के अंदर जेलों में निरुद्ध समस्त बंदियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। टीके का दूसरा डोज़ भारत सरकार द्वारा नियत अवधि में लगाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। मध्यप्रदेश की 131 जेलों में 49 हजार सजायाफ्ता-विचाराधीन कैदी हैं। अभी इनमें से 7 हजार 100 कैदियों का टीकाकरण हुआ है।

## शनि देव जी की जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राचीन शनि देव मंदिर सेवड़ा संकुआ धाम पर बड़े हर्ष उल्लास धूमधाम के साथ मनाई गई



पुष्पांजली टुडे

सेवढ़ा । अखिल ब्राह्मण दंडनायक सूर्य छाया पुत्र यमुना के भाई शनि देव जी की जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राचीन शनि देव मंदिर सेवड़ा सनकुआ धाम पर बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ सनी परिवार के द्वारा बनाई गई एवं विशेष पूजा अर्चना के साथ में भंडारा प्रसाद संकुआ धर्म क्षेत्र पर श्री शनि महाराज की अति कृपा से क्या गया जहां पर उपस्थित शनिदेव के भक्त गणों को संबोधित करते हुए सेवड़ा समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा कि शनि महाराज की अति कृपा है कि संकुआ धाम पर शनि देव जी अपने पिता सूर्य भगवान एवं बहन यमुना के साथ साक्षात स्वरूप में उपस्थित है जो कि हमारे क्षेत्र के लिए हमेशा सुख समृद्धि एवं विकास के लिए सहायक एक साक्षात भगवान के रूप में सिद्ध होते हैं शनि देव मंदिर पर सुख समृद्धि एवं विकास के लिए शनि परिवार के द्वारा शनि देव जी की महा आरती की गई मंदिर पर उपस्थित भक्तों को प्रसाद पूरी सब्जी वितरण की गई । इस अवसर पर समाज सेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर लल्लन तिवारी डॉक्टर नीरज शर्मा पुरुषोत्तम गुप्ता हरि सिंह कुशवाह राहुल चौरसिया पहलाद कुशवाह सुनील गुप्ता कल्याण दास बाबा निर्वेद सविता गंगा प्रसाद अग्रवाल रामप्रकाश यादव सैनिक रामदास नामदेव सैनिक योगेंद्र सिंह एवं काफी संख्या में शनि देव के भक्तगण मौजूद थे। अंत में श्यामू ठाकुर ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा नीलांजन समाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम छाया मार्तंड संभुतम नमामि शनि चराय। सूर्यपुत्र भगवान श्री शनिदेव के प्रकट उत्सव भगवान शनि जयंती पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं भगवान शनि देव की कृपा सभी पर बनी रहे।

## ओटोलिफ्टर गैंग के पांच शातिर अर्न्तराज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर



एटा। शुक्रबार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पांच शातिर अंतर्जनपदीय वाहन चोरों विवेकांद उर्फ जगतराज उर्फ अल्ताफ पुत्र द्वारिकाप्रसाद निवासी भगीपुर थाना कोतवाली नगर एटा उम्र 19 वर्ष अर्जुन पुत्र ओमपाल निवासी साहवानपुर थाना जलेसर 18 वर्ष सचिन पुत्र रामेश्वर निवासी उपरोक्त 19 वर्ष बंटू पुत्र मुन्नालाल निवासी उपरोक्त 22 वर्ष गुलशन उर्फ अंकुश पुत्र लक्ष्मण गिहार निवासी हिंदू नगर थाना कोतवाली नगर 24 वर्ष को घिलौआ मो? के पास से गिरफ्तार किया गया है। जामातलाशी तथा मौके से चोरी की 4 मोटर साइकिलें, लूटे गए दो मोबाइल फोन तथा अवैध असलहा कारतूस तथा अभियुक्तों की निशानदेही पर पुराने पशु चिकित्सालय की खंडहर प?ी बिल्डिंग से चोरी की 07 मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने ये मोटरसाइकिलें तथा आसपास के जनपदों से चोरी की हैं, तथा आज इन्हें बेचने के लिए बाहर ले जाने के लिये यहां इकट्ठा हुए थे।

आपको बता दें कि गिरफ्तार अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है, तथा जो वाहन चोरी, लूट आदि की घटनाओं को अंजाम देते हैं। अभियुक्तगण अपने शौक पूरे करने के लिये आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं। अभियुक्तगण पुलिस की नजर से बचने के लिये एक जनपद से बाइक चोरी कर दूसरे जनपद में बेचते थे। बरामद मोटरसाइकिलो में से 21 फरवरी को एक बाइक शांति नगर थाना कोतवाली नगर से चोरी की थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत है।7 जून को एक बाइक जिला अस्पताल थाना कोतवाली नगर से चोरी की थी

8 जून को एक बाइक अवंतीबाई नगर थाना कोतवाली नगर से चोरी की थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत है। वहीं अभियुक्तगण द्वारा बरामद मोबाइल भी राहगीरों से लूटे गयें हैं जिनके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

## डीजल,पेट्रोल की बढ़ी कीमत वापस लेने की मांग पर महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



साहिबगंज-पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के खिलाफ महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनीता देवी के नेतृत्व में साक्षरता चौक के पास केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पेट्रोल,डीजल,एलपीजी गैस की ब?ी कीमत को वापस लेने की मांग की।जिला अध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में महंगाई चरम पर है।आज आम जनता कोरोना महामारी से त्रस्त है ऐसे में लगातार पेट्रोल डीजल एवं गैस की कीमतों में वृद्धि कर मोदी सरकार देश के जनता को परेशान करने में लगी है।अनिता देवी ने कहा कि अगर केंद्र सरकार ब?ी हुई कीमतों को वापस नही लिया तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।कार्यक्रम में कांग्रेस के बोरियो प्रखंड अध्यक्ष राजेश सिंह,कॉग्रेस के पुर्व जिला शोसल मिडिया कोऑर्डीनेटर संतोष स्वर्णकार,राजकुमार राज,पूर्णिमा मिर्धा,चांदो देवी,रूढिया देवी,कंचन देवी,कौशल्या देवी,गीता देवी,रोमा देवी,किरण देवी,पुष्पा देवी,नीलम देवी,सरिता देवी,मंजू देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रिटायर्ड पुलिस कर्मी की शिकायत पर जैथरा पुलिस की छापामारी

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर



एटा। शुक्रबार को मुरारीलाल पुत्र हुलासीराम निवासी ललहट थाना जैथरा द्वारा थाना जैथरा पर सूचना दी गई कि उसका पुत्र सुनील कुमार जोकि आपराधिक प्रवृत्ति का है, आये दिन उसकी तथा अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता रहता है। उसके पास काफी अवैध असलहे हैं, उसको डर है कि कहीं उसका पुत्र उसके साथ कोई अनहोनी घटना घटित न कर दे।

इस सूचना पर थानाध्यक्ष जैथरा सुधीर कुमार सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ आरोपी के घर पर छापामारी की गयी तो तलाशी में अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र मुरारीलाल निवासी ग्राम ललहट थाना जैथरा के पास से एक बन्दूक 12 बोर, दो तमन्चे 315 बोर, दो चाकू, चार कारतूस 12 बोर तथा तीन कारतूस 315 बोर बरामद किये गये हैं। अभियुक्त को मौके से बरामद माल के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त तमंचा व कारतूस अपने पिता व पत्नी की हत्या करने के उद्देश्य से रखता था। अभियुक्त के एक अन्य महिला के साथ सम्बन्ध थे, जिसका विरोध पिता व पत्नी करते थे तथा अभियुक्त ने जिस व्यक्ति से अवैध असलहा कारतूस खरीदे थे, उसकी मृत्यु हो चुकी है।

## संविधान की प्रति जलाकर वीडियो वायरल करने वाला दबोचा

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर।



एटा। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए एक पुस्तक जिस पर भारत का संविधान लिखा हुआ है को जलाने की बात कह रहा है। विडियो में खुद को एटा विधानसभा 104 का रहने वाला बताते हुये आरोपी ने अपनी अन्य कोई पहचान नहीं बताई गई। सोशल मीडिया पर उक्त विडियो के सम्बन्ध में कई संगठनों द्वारा कार्यवाही की मॉग करते हुये नाराजगी जाहिर की गई।

जनपदीय सोशल मीडिया सेल द्वारा उक्त वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया, तथा जनपद के डिजिटल वालंटियर ग्रुप्स तथा ट्विटर के माध्यम से विडियो वायरल करने वाले व्यक्ति की जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि वीडियो में दिखने वाला व्यक्ति चंद्रशेखर जाटव पुत्र सरमन बाबू निवासी गांव मुबारकपुर सराय थाना सकीट जनपद एटा है, जोकि एक ट्रक चालक है। पहचान होने पर थाना सकीट पुलिस तथा जनपदीय स्वॉट टीम को अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगाया गया, पुलिस टीमों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये मात्र 24 घंटे के अन्दर ही उक्त आरोपी को सावलात अड्डा सकीट के पास से गिरफ्तार किया है।

अभियुक्त के विरुद्ध थाना सकीट पर मुअसं-76/2021 धारा 505ग भादंवि, 2 राष्ट गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971, 66 सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम 2008 पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अनुसूचित जाति से है, जो डीएवी इण्टर कालेज रिजोर में कक्षा आठ तक प?ा है। अभियुक्त गु?गाव की एक ट्रांसपोर्ट कम्पनी में ट्रक चालक है। भीम आर्मी के पदाधिकारियों द्वारा उसका कार्यक्रम नहीं होने दिया गया था, इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने भारतीय संविधान की किताब जलाने व आपत्तिजनक टिप्पणी का विडियो बनाकर फेसबुक पर अपलोड किया था। गॉव के ही एक मनोज नाम के 4 वर्षीय बच्चे को फुसलाकर उससे ये आपत्तिजनक विडियो बनवाया था अभियुक्त द्वारा संविधान की किताब को कूडे के ढेर में इस प्रकार रखकर आग लगाई गयी थी।

## मालनपुर नगर परिषद में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया

राहुल सिंह रिपोर्टर।



मालनपुर नगर परिषद में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें जिला सचिव शोभा माहौर ने बताया कि गरीब लोगों को राशन नहीं दिया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा इस धरने को संबोधित करने के लिए मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला सहायक सचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा है कि सात दिवस के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो धरने पर बैठने का आग्रह किया गया और किसान नेता नारायण शर्मा ने भी संबोधित किया महिला समिति मालनपुर के क्षेत्र की अध्यक्ष अनीता गोस्वामी ने भाषण दिया और आंदोलन में शामिल हुए सीटू नेता देवेंद्र शर्मा रामगोपाल वाल्मिक रेखा वाल्मिक बादामी कुशवाह अंगूरी देवी भारती देवी रणवीर सिंह राजेंद्र कुशवाहा श्री लाल महावर रामसाय छोटेलाल नारायण शर्मा बल्ली बल्ली बाथम हरगोविंद जाटव आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## बाल विवाह अभीशाप, आदिवासी समाज में बालविवाह की रोकथाम के लिए समाज सेवक लेगे निर्णय



बाली। विधानसभा क्षैत्र के आदिवासी बाहुल्य मे काफी समय से कम उम्र मे लडके लडकियो अपनी मन मर्जी से शादी कर रहे है।पुलिस प्रशासन व सरकार भी आदिवासी समाज मे इस कुप्रथा को रोकने असक्षम है।आदिवासी समाज मे शिक्षा की कमी होने से तथा जाग्रति नही होने पर इस तरह के कारनामे होते जा रहे है।काफी समय से समाज सेवक इसकी रोकथाम के लिए प्रर्यास कर रहे है परन्तु मामला बढता ही जा रहा है अब समाज सेवक व युवा गण मिलकर यह सख्त कदम उठाने जा रहे है की बालविवाह को रोकने के लिए भारी जुर्माना तय करेगे।व जन जन तक संदेश पहुचाएगे की कम उम्र मे शादी करना व करवाना अभिशाप है। सोशल मिडिया के जरिए आदिवासी समाज के समाज सेवक मुकेश गरासिया अरडवा लगातार बाल विवाह को लेकर युवाओ को प्रेरित कर रहे है सभी युवाओ ने भी गरासिया का समर्थन करते हुए कम उम्र मे शादी करने वालो पर सख्त कानुनी कारवाई करने की बात रखी। समाज सेवक गरासिया ने आदिवासी समाज के सभी सरपंचो व जनप्रतिनिधियो से निवेदन किया है की बाल शादी रोकने के लिए सभी आगे आए।और समाज मे लम्बे समय से चली आ रही इस कुप्रथा को रोका जाए।

## पूज्य साध्वी राधिका शास्त्री भागवत कथा प्रवक्ता वृंदावन को पूर्व राज्य मंत्री ने निज निवास पर बुलाकर किया सम्मान और की धार्मिक कार्यों पर चर्चा

संदीप प्रधान उप संपादक



दतिया / पूर्व राज्य मंत्री पाठ पुस्तक निगम उपाध्यक्ष अवधेश नायक नायक ने पूज्य साध्वी राधिका शास्त्री भागवत कथा प्रवक्ता बिंद्रावन जी को अपने निज निवास पर किया आमंत्रित देवी जी का किया स्वागत और धार्मिक कार्यक्रमों पर हुई चर्चा वहीं देवी जी ने अवधेश नायक जी के उज्जवल भविष्य की ऊपर वाले से की कामना और बताया जा रहा है कि देवी जी के भक्त हमेशा फलते फूलते रहते हैं मां पीतांबरा माई की कृपा सदैव सब पर बनी रहे।

## नैनो न्यूज

### तब मुझे कप्तान बनाये जाने की पूरी उम्मीदें थीं: युवराज



**मुम्बई (ए)।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने खुलासा किया है कि उन्हें साल 2007 टी20 विश्वकप के लिए कप्तान बनने की पूरी उम्मीदें थी पर बीच में महेन्द्र सिंह धोनी आ गये। युवराज ने उस दौर को याद करते हुए कहा कि साल 2007 में वेस्टइंडीज में हुए विश्व कप में खराब प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम बाहर हो गई थी। इसके तुरंत बाद इंग्लैंड का दौरा भी था। फिर हमें आईसीसी के नए फॉर्मेट टी20 विश्व कप में जाना था। इसलिए हमें चार महीने अपने घरवालों से दूर रहना था। ऐसे में सीनियर खिलाड़ियों ने फैसला लिया कि वह इस विश्वकप में नहीं खेलेंगे। तब सीनियर्स के नाम हटने पर मैं अपने को कप्तान का स्वाभाविक दावेदार मान रहा था लेकिन फिर बीसीसीआई ने घोषणा की कि टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की कमा धोनी संभालेंगे इसप्रकार कप्तान बनने का अवसर मेरे हाथ से निकल गया। युवराज ने हालांकि कहा कि कप्तान किसी को भी बनाया जाता हम सभी खिलाड़ियों का एक ही लक्ष्य था कि अपने कप्तान का समर्थन करें और टीम के लिए अच्छा खेल दिखाए। युवराज ने दक्षिण अफ्रीका में हुए टी20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन किया। युवराज ने कई मौकों पर आकर टीम के लिए उपयोगी पारियां खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। युवराज ने इस विश्वकप में इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ही ओवर में 6 छक्के लगाकर विश्व रिकॉर्ड भी बनाया

### सभी निशानेबाज से ओलंपिक पदक की उम्मीदें : कोच

**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय पिस्टल टीम के विदेशी कोच पावेल स्मिरनोव के अनुसार आगामी टोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी निशानेबाज पदक जीत सकते हैं। हाल के वर्षों में भारतीय निशानेबाजों ने शानदार सफलता हासिल की है और ऐसे में पावेल को उम्मीद है कि टोक्यो में ज्यादा से ज्यादा निशानेबाज पदक जीतने में सफल रहेंगे। कोच के अनुसार भारतीय दल में सौरभ चौधरी , मनु भाकर, अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल जैसे प्रतिभाशाली निशानेबाज शामिल हैं यह सभी पदक के प्रबल दावेदार हैं जबकि अनुभवी राही सरनोबत के होने से टीम को मजबूती मिलती है। स्मिरनोव ने कहा, ''उनमें से प्रत्येक निशानेबाज पोडियम पर जगह बना सकता है और वर्षो से मैंने भारतीय निशानेबाजी को देखा है। अपने दिन वे स्वर्ण पदक के साथ ही शीर्ष स्तर पर कोई भी पदक जीत सकते हैं। भारतीय निशानेबाजी टीम 2016 रियो खेलों में पदक जीतने में विफल रही थी। उसके बाद ओलंपिक चैंपियन अभिनव बिंद्रा की अगुआई में समीक्षा समिति की सिफारिशों पर भारतीय निशानेबाजी ढांचे में कई बदलाव हुए थे जिसका अच्छा परिणाम नजर आ रहा है। लंदन ओलंपिक 2012 में 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में रजत पदक जीतने के दौरान विजय कुमार को कोचिंग देने वाले पावेल को इसके बाद राष्ट्रीय पिस्टल टीम का विदेशी कोच नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि मुझे इस टीम से काफी उम्मीदें हैं। वे अच्छा प्रदर्शन करने में हकदार हैं क्योंकि उन्होंने काफी बलिदान दिए हैं, कम उम्र में परिपक्वता दिखाई है और पिछले चार साल में बेहद कड़ी मेहनत की है।

### एफडीए ने कोवैक्सीन का ईयूए खारिज किया

**हैदराबाद (ए)।** भारत बायोटेक की कोविड-19 वैक्सीन कोवैक्सीन को झटका देते हुए अमेरिकी खाद्य एवं दवा नियामक ने इसके अमेरिकी साझेदार ओक्यूजेन इंक से कहा है कि वह भारतीय वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी हासिल करने के लिए अतिरिक्त आंकड़ों के साथ जैविक लाइसेंस आवेदन (बीएलए) मार्ग से अनुरोध करे। ओक्यूजेन ने इसके पहले कहा था कि वह एफडीए की सलाह के अनुसार कोवैक्सीन के लिए बीएलए दाखिल करेगी। बीएलए एफडीए की पूर्ण अनुमोदन व्यवस्था है, जिसके तहत दवाओं और टीकों की मंजूरी दी जाती है। ऐसे में कोवैक्सीन को अमेरिकी मंजूरी मिलने में थोड़ा और वक्त लग सकता है। ओक्यूजेन ने कहा कि कंपनी अब कोवैक्सीन के लिए आपातकालीन उपयोग की अनुमति (ईयूए) पाने की कोशिश नहीं करेगी। एफडीए ने मास्टर फाइल के बारे में ओक्यूजेन को प्रतिक्रिया दी है। यह सलाह दी गई है कि ओक्यूजेन को अपनी वैक्सीन के लिए ईयूए आवेदन के बजाय बीएलए अनुरोध दाखिल करना चाहिए।

## श्रीलंका दौरे में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे धवन, भुवनेश्वर होंगे उपकप्तान

### पृथ्वी, ऋतुराज , राणा, सकारिया, वरुण और सैमसन भी शामिल




**मुम्बई (ए)।** अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन की कप्तानी में भारतीय टीम अगले माह जुलाई में श्रीलंका दौरे पर जाएगी। भारतीय टीम अपने इस दौरे में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच भी खेलेगी, ये सभी मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। इस टीम की उपकप्तानी अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को सौंपी गयी है। 20 सदस्यीय इस टीम में युवाओं के साथ ही अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। टीम इंडिया में उन खिलाड़ियों को विशेष रुप से अवसर मिला है, जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अच्छा प्रदर्शन किया था। आईपीएल के निलंबित हुए सत्र के पहले हिस्से में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों पृथ्वी शॉ, देवदत्त पडिक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, नीतीश राणा, चेतन सकारिया, वरुण चक्रवर्ती और संजू सैमसन को इस दौरे के लिए शामिल किया गया है। इन सभी ने आईपीएल 14 के 29 मैचों में अपने प्रदर्शन से चयन समिति का ध्यान खींचा था। पृथ्वी और सैमसन को इससे पहले भी भारतीय टीम में खेलने का मौका मिल मिला था पर ये दोनो ही अपनी जगह पक्की करने में नाकाम रहे। वहीं, पडिक्कल, गायकवाड़, राणा और सकारिया का पहली बार टीम इंडिया में चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों का आईपीएल-14 के पहले सत्र में अच्छा प्रदर्शन रहा है। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी ने 8 मैचों में करीब 39 की औसत से 308 रन बनाए। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के नीतीश राणा कई वर्षों में टीम इंडिया में जगह का इंतजार कर रहे थे। संजू सैमसन- आईपीएल-14 का पहला शतक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने ही बनाया था।

**ऋतुराज गायकवाड़:** चेन्नई सुपर किंग्स के इस ओपनर ने आईपीएल में पिछले साल डेब्यू किया था। ऋतुराज ने अपनी बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित किया।

**चेतन सकारिया:** राजस्थान रॉयल्स के इस युवा गेंदबाज के लिए पिछले कुछ महीने बेहद मुश्किल रहे हैं। साल की शुरुआत में सकारिया ने अपने भाई को खोया था. इसके कुछ महीने बाद उनके पिता की भी कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान का ये गेंदबाज जब आईपीएल खेल रहा था तो उस दौरान ही उन्हें पिता के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की जानकारी मिली थी. लेकिन इन तमाम मुश्किलों के बाद भी सकारिया ने अच्छा प्रदर्शन किया।

**देवदत्त पडिक्कल:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के युवा ओपनर देवदत्त पडिक्कल ने पहले कोरोना को मात दी और बाद में अपनी बल्लेबाजी से विरोधी टीमों को पस्त किया। पडिक्कल ने आईपीएल-14 में 6 मैच खेले और 39 की औसत से 196 रन बनाए। वरुण चक्रवर्ती- मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने पिछले दो वर्षों में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है।

## पाक क्रिकेटर ने धोनी को बनाया अपनी पसंदीदा भारत-पाक टी20 टीम का कप्तान



**लाहौर (ए)।** पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर यासिर अराफात ने अब दोनो देशों भारत-पाक के खिलाड़ियों की एक पसंदीदा टीम बनायी है। इसका नेतृत्व भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी करेंगे। यासिर ने कहा कि पहला नाम कप्तान धोनी का है। यासिर ने अपनी इस टीम में सोहेल तनवीर, उमर गुल और जसप्रीत बुमराह सहित तीन तेज गेंदबाजों को शामिल किया है। उन्होंने साथ ही कहा, इमरान नजीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा जितना क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए ये दोनों मेरे सलामी बल्लेबाज होंगे। उन्होंने कहा, तीसरे नंबर के लिए मैं हफीज के साथ जाऊंगा, जबकि युवराज सिंह और उमर अकमल, धोनी से पहले नंबर 4 और 5 पर रहेंगे। अराफात ने ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी के साथ ऑफ-ब्रेक सईद अजमल को स्पिनर के तौर पर शामिल किया। यासिर ने धोनी की शांत और विनम्र रवैये के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, धोनी एक क्वालिटी क्रिकेटर हैं। वह मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत मजबूत हैं। एक व्यक्ति के रूप में वह बेहद शांत और विनम्र हैं। यासिर ने कहा, टीम में खिलाड़ियों के साथ धोनी की केमेस्ट्री शानदार थी। अगर कोई टीम बड़े खिताब जीतती है तो कप्तान में कुछ तो होना ही चाहिए। धोनी एक ऐसे कप्तान रहे जिन्होंने अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया और मैंने उन्हें कभी उनमें से किसी की आलोचना करते नहीं देखा।

## भारत-पाक के बीच सीरीज फिर शुरु हो: इंजमाम



**लाहौर (ए)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज फिर से शुरू की जानी चाहिये। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि भारत-पाक सीरीज की लोकप्रियता एशेज सीरीज से भी ज्यादा रही है। जब भारत ने साल 2004 में एक ऐतिहासिक श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा किया उस समय इंजमाम ही पाक टीम के कप्तान थे। तब सौरव गांगुली के नेतृत्व में भारत ने वनडे और टेस्ट दोनों सीरीज में जीती थी। इसके बाद अगले ही साल पाक टीम ने भारत का दौरा किया और टेस्ट सीरीज़ ड्रॉ खेलने के साथ ही वनडे में हरा दिया था। पिछली बार दोनों टीमों के बीच 2012-13 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी जिसमें पाकिस्तान ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में भारत को 2-1 से हराया था। इंजमाम ने कहा, भारत-पाकिस्तान श्रृंखला को एशेज की तुलना में बहुत अधिक देखा गया था और लोगों ने हर पल इसका पूरा आनंद लिया। उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए एशिया कप तथा भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज होना जरूरी है। साथ ही कहा कि द्विपक्षीय सीरीज युवाओं के लिए वरिष्ठ खिलाड़ियों से सलाह लेने का एक बड़ा अवसर हुआ करती थी। इजमाम ने कहा, जब हम एक-दूसरे के खिलाफ खेलते थे तो यह बहुत अच्छा एहसास होता था। उन द्विपक्षीय सीरीज में युवा क्रिकेटरों के लिए सीनियर खिलाड़ियों से एक-दो चीजें सीखने का मौका भी मिलता था।

## वार्नर और स्टोइनिस द हंड्रेड क्रिकेट के पहले टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे




**सिडनी (ए)।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस द हंड्रेड क्रिकेट का पहला टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। द हंड्रेड एक 100-बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता है जिसमें प्रमुख खिलाड़ी (पुरुष और महिला दोनों) इंग्लैंड में गर्मियों के मौसम में टूर्नामेंट में भाग लेंगे। वार्नर और स्टोइनिस इस टूर्नामेंट में साउथन ब्रेव की तरफ से खेलने वाले थे। ये दोनों ही शीर्ष टी20 खिलाड़ी हैं और ऐसा माना जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के साथ-साथ कोविड-19 महामारी के कारण यात्रा प्रतिबंधों के कारण इन खिलाड़ियों ने ये फैसला लिया होगा। वहीं इंग्लैंड और वेल्स बोर्ड (ईसीबी) ने अपने एक बयान में कहा, डेविड और मार्कस जैसे खिलाड़ियों का शामिल नहीं होना निराशाजनक है, लेकिन कोविड की वास्तविकताओं का मतलब है कि कुछ विदेशी खिलाड़ियों के लिए ऐसी व्यावहारिकताएं हैं जिन्हें दूर करना संभव नहीं है। विदेशी खिलाड़ियों को बदलने के लिए साउथन ब्रेव द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और हम इस गर्मी में द हंड्रेड के आयोजन के लिए तैयार हैं। इस बीच 5 भारतीय महिला क्रिकेटरों जिसमें शैफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा - द हंड्रेड के उद्घाटन संस्करण में भाग लेंगी। शैफाली नंबर एक रैंक वाली बल्लेबाज है और वह सोफी डिवाइन के प्रतिस्थापन के रूप में बर्मिंघम फीनिक्स में शामिल हुई हैं। हरमनप्रीत कौर 21 जुलाई को किआ ओवल में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स में शामिल होने के साथ शुरुआती मैच में दिखाई देंगी। उत्तरी सुपरचार्जर्स के लिए जेमिमा रोड्रिग्स अपनी सेवाएं देंगी। स्मृति मंधाना सदर्न ब्रेव में डैनी व्याट के साथ एक विनाशकारी ओपनिंग साझेदार के रूप में तैयार हैं जबकि दीप्ति शर्मा लंदन स्पिरिट में इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट के साथ खेलेंगी। द हंड्रेड में आठ टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। प्रतियोगिता में पहला मैच ओवल इनविंसिबल्स और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स की महिला टीमों के बीच 21 जुलाई को खेला जाएगा।

## पुराने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मॉर्गन और मैक्कलम पर कार्रवाई कर सकती है केकेआर

**नई दिल्ली (ए)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन के निलंबन के बाद अपने पुराने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आईपीएल में खेल रहे कुछ विदेशी खिलाड़ियों की परेशानियां बढ़ सकती हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान ऑयन मॉर्गन और हेड कोच ब्रैंडन मैक्कलम के खिलाफ भी उनने पुराने बयानों को लेकर केकेआर कदम उठा सकती है। यह सामने आया है कि मॉर्गन, मैक्कलम भी कई बार भारतीय लहजे का मजाक उड़ातें दिखे थे। साल 2018 में ही इंग्लैंड के वनडे-टी20 कप्तान मॉर्गन और विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने भारतीय प्रशंसकों का मजाक उड़ाने के लिए सर शब्द का इस्तेमाल किया था। बाद में दोनों की बातचीत में मैक्कलम भी शामिल हो गये थे। बाद में इन लोगों ने अपने पोस्ट को हटा दिया पर उनकी बातचीत का स्क्रीनशॉट पहले ही सामने आ गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार इसको लेकर केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, इस समय टिप्पणी करने के लिए इसके बारे में हम ज्यादा नहीं जानते।

## एमआई 11 लाइट लॉन्च करने की तैयारी में शाओमी

### स्मार्टफोन 5जी के साथ ही 4जी वेरिएंट में भी होगा

**नई दिल्ली (ए)।** चाइनीज कंपनी शाओमी इस महीने फ्लैगशिप स्मार्टफोन एमआई 11 लाइट लॉन्च करने वाली है। भारत में एमआई11 सीरीज का यह बजट फोन 5जी के साथ ही 4जी वेरिएंट में भी होगा। लॉन्च से पहले ही एमआई 11 लाइट की स्पेसिफिकेशन डीटेल्स लीक हो गई है। इस बीच शाओमी एमआई 11 लाइट 4जी की कीमत भी लीक हो गई है। बीते शाओमी इंडिया के प्रमुख मनु कुमार जैन ने एमआई 11 लाइट लॉन्च की हिंट दी थी। खबर आ रही है कि इस फोन के 4जी वेरिएंट में बेस मॉडल को भारत में करीब 25000 रुपये के रेंज में लॉन्च किया जा सकता है। एमआई 11 लाइट को भारत में 3 वेरिएंट में लॉन्च किया जा सकता है, जो कि 6 जीबी रैम और 64 जीबी स्टोरेज के साथ ही 6 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज और 8 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज ऑप्शन में है। अब पता चला है कि शाओमी एमआई 11 लाइट 4जी वेरिएंट भी भारत में लॉन्च किया जाएगा और इसकी कीमत करीब 25000 रुपये होगी। वहीं शाओमी एमआई 11 लाइट 5जी को 30 हजार रुपये से ज्यादा कीमत के साथ लॉन्च किया जाएगा।

## नेपाल से बिना आयात शुल्क के अरबों रुपए का खाद्य तेल भारत आया



**नई दिल्ली (ए)।** नेपाल के रास्ते लगातार खाद्य तेल का आयात हो रहा है। एक साल से भी कम वक्त में यह आयात चार गुना बढ़ गया है। यह दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि के तहत निर्धारित नियमों का उल्लंघन भी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर का कहना है कि नेपाल से भारत को विदेशी खाद्य तेलों का बड़ी मात्रा में निर्यात होना भारतीय रिफाइनर्स व तिलहन उत्पादकों के लिए घातक साबित हो रहा है। इसलिए नेपाल से आयात किए जाने वाले खाद्य तेलों का एक निश्चित कोटा निर्धारित होना चाहिए। नेपाल में पाम तेल, सोयाबीन तेल और सूरजमुखी तेल का व्यावसायिक उत्पादन नहीं होता है। वहां इसकी क्रशिंग-प्रोसेसिंग की क्षमता भी सीमित है। बावजूद इसके नेपाल के व्यापारी अर्जेन्टीना, उरूग्वे और ब्राजील से रिफाइंड सोयाबीन तेल मंगाते हैं। रशिया और यूक्रेन से सनफ्लावर तेल और मलेशिया और इंडोनेशिया से पाम तेल के साथ ही कुछ तेल चाइना से मंगवा कर इसे नेपाली उत्पाद बताकर भारत को निर्यात कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठक्कर ने कहा कि नेपाल ट्रेड एंड एक्सपोर्ट प्रोमोशन सेंटर के आंकड़ों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष के शुरूआती महीनों के दौरान देश से सोयाबीन तेल का निर्यात उछलकर 35.75 अरब रुपए पर पहुंच गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले करीब चार गुना ज्यादा है। पिछले वित्त वर्ष के आरंभिक महीनों में नेपाल से केवल 8.36 अरब रुपए मूल्य के सोयाबीन तेल का निर्यात हुआ था जो चालू वर्ष में 36 अरब रुपए के आसपास पहुंच गया है। इसका अधिकांश भाग भारत में भेजा गया गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि के दौरान नेपाल में 39.46 अरब रुपए मूल्य 335.29 मिलियन लीटर क्रूड सोया तेल का आयात अर्जेन्टीना, पराग्वे, युक्रेन और मिस्र जैसे देशों से किया. नेपाल के कुल निर्यात में सोया तेल का योगदान 33 प्रतिशत है।

## एटीएम से पैसा निकालने का शुल्क बढ़ा



**नई दिल्ली (ए)।** अब बैंक ग्राहकों के लिए एटीएम से किसी महीने में लिमिट से ज्यादा का लेनदेन महंगा पड़ेगा। रिजर्व बैंक ने ग्राहकों से लिए जाने वाले ग्राहक शुल्क और गैर बैंक एटीएम चार्ज में बढ़ोतरी कर दी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने एटीएम से लेनदेन पर इंटरचेंज फीस बढ़ा दिया है। इसका मतलब यह है कि आप यदि अपने बैंक की जगह किसी दूसरे बैंक के एटीएम से पैसा निकालते हैं तो फ्री लिमिट से ज्यादा ट्रांजैक्शन पर आपका ज्यादा पैसा कटेगा। यह बढ़त 1 अगस्त, 2021 को लागू होगा। इसी तरह रिजर्व बैंक ने ग्राहक शुल्क की सीमा भी प्रति ट्रांजैक्शन 20 से बढ़ाकर 21 रुपए कर दी है। इसका मतलब यह है कि अपने बैंक के एटीएम में भी फ्री ट्रांजैक्शन का लिमिट पार करने पर आपको अब ज्यादा चार्ज देना पड़ेगा। रिजर्व बैंक ने कहा कि ये नए चार्ज कैश रीसाइक्लर मशीन के लिए भी लागू होंगे। यह बढ़त 1 जनवरी, 2022 से लागू होगी। रिजर्व बैंक ने सभी बैंक एटीएम में वित्तीय लेनदेन के लिए इंटरचेंज फीस 15 से बढ़ाकर 17 रुपए कर दिया है।

## एलपीजी ग्राहक खुद तय करेंगे किस डिस्ट्रिब्यूटर से भरवानी है रसोई गैस!



**नई दिल्ली (ए)।** अब एलपीजी गैस का इस्तेमाल करने वाले ग्राहक खुद ही ये तय कर सकेंगे कि उन्हें किस डिस्ट्रिब्यूटर से गैस रिफिल करवानी है। यानी उन्हें डिस्ट्रिब्यूटर चुनने का विकल्प मिलेगा। योजना के पहले चरण में इस सुविधा का फायदा चंडीगढ़, कोयंबटूर, गुड़गांव, पुणे और रांची में रहने वालों को मिलेगा। यह एक पायलट प्रोजेक्ट की तरह किया जाएगा और अगर सब कुछ ठीक रहता है तो इसे बाकी शहरों मे भी लॉन्च किया जा सकता है। इसकी जानकारी खुद पेट्रो?लियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ट्वीट कर दी है। इस नई सेवा के तहत सरकार एलपीजी ग्राहकों को कोई भी डिस्ट्रीब्यूटर चुनने से पहले उनकी रेटिंग देखने का विकल्प देगी। ग्राहकों को यह विकल्प एलपीजी की रिफिलिंग करते वक्त दिखाई देगा। जब ग्राहक ऐप या पोर्टल के जरिए एलपीजी रिफिल की बुकिंग के लिए लॉग इन करेगा, तो वहां डिस्ट्रिब्यूटर चुनने का विकल्प दिखेगा। इसी महीने की शुरुआत में देश में 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर सस्ता हुआ था। इसकी कीमत में 122 रुपए की कटौती हुई। कटौती और नई कीमत 1 जून से लागू हो गई हैं। वहीं दूसरी ओर घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सब्सिडी वाले और बिना सब्सिडी वाले दोनों तरह के सिलेंडर की कीमत पुराने स्तर पर ही बनी हुई है। घरेलू सिलेंडर की बात करें तो 14.2 किलोग्राम के बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर की कीमत में देश के 4 महानगरों में 1 अप्रैल से 10 रुपढ की कटौती प्रभावी हुई थी। मई और जून माह में कोई प्राइस कट नहीं हुआ है।




## फ्लिपकार्ट ने अपने स्टाफ को दिया अनलिमिटेड हेल्थ कवर

**नई दिल्ली (ए)।** दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने कोरोना काल में अपने कर्मचारियों के लिए शानदार पहल की है। कंपनी ने इंडियन इंडस्ट्री में सबसे प्रोगेसिव मेडिकल इंश्योरेंस एंड फैमिली सपोर्ट प्रोग्राम शुरू किया है। इसके तहत कंपनी के फुल-टाइम कर्मचारियों को अनलिमिटेड मेडिकल कवर दिया जा रहा है। नई पॉलिसी कोरोना महामारी के बाद भी जारी रहेगी। इस अपडेटेड पॉलिसी के तहत सारा मेडिकल खर्च और अस्पताल का खर्च शामिल है। इसके लिए कर्मचारियों को कोई प्रीमियम नहीं देना होगा। भारत में फ्लिपकार्ट के 15,000 से अधिक फुल-टाइम कर्मचारी हैं। फैमिली सपोर्ट पॉलिसी जान गंवाने वाले कर्मचारियों के परिजनों के लिए है और इसे पिछले साल अप्रैल से लागू किया जाएगा। कर्मचारी की मृत्यु चाहे किसी भी कारण से हुई हो, उसके परिजनों को इसका फायदा मिलेगा।

# बढ़ती महंगाई और पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन, प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

## खरीदारों से पूछा 30 रुपये पेट्रोल और 25 रुपये डीजल का वादा किया फिर 100 के पार क्यो ?

### जिले सहित अंचल में दिया गया धरना







**भिण्ड।** देश मे पेट्रोल और डीजल,और रसोई गैस सिलेंडर के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से कांग्रेसियों में रोष व्याप्त है इसको लेकर जिला कांग्रेस भिण्ड कार्यकर्ताओं ने शहर के लहार रोड़ स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर 11 से 1 बजे तक धरना प्रदर्शन किया एवं हाथों में पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया वहीं पर हम बात करें डीजल पेट्रोल के दामों पर तो प्रतिदिन हो रही बढ़ोत्तरी के विरोध में आज शुक्रवार को दोपहर में जिला अध्यक्ष जयश्रीराम बघेल के नेतृत्व में सभी कांग्रेसियों ने एक राय होकर सरकार के खिलाफ पेट्रोल डीजल के दाम कम करने का नारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम सस्ते होने के बाद भी देश में पेट्रोल डीजल के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं जो जनविरोधी है, उन्होंने कहा कोरोना महामारी ने आमजनता को पुरी तरह से तोड़ दिया है और से केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लगातार महगाई और पेट्रोल डीजल एवं खादय पदार्थो पर मूल्यावृद्धि कर गरीब को खत्म करने का षड्यंत्र रचा है। वरिष्ठ नेता डॉ. राधेश्याम शर्मा ने कहा मोदी और राज्य की भाजपा सरकार सिर्फ सत्ता के लिए उधोगपतियों के हित में फैसले लेते है इन्हें जनता की कोई चिंता नही है। भगवानदास सैंथिया ने मोदी सरकार को देश की जनता का विरोधी करार दिया। वंही कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज और नगर अध्यक्ष संजय भूता ने ग्राहकों से पूछा मध्यप्रदेश के लोगों पर महंगाई की दोहरी मार पड़ी है। प्रदेश में पहले ही पेट्रोल 105रुपए प्रति लीटर और डीजल 95 पार पहुंच चुका है वहीं आज से प्रदेश में रसोई गैस का सिलेंडर 900 रुपए महंगा हो गया है। जबकिं वादा तो 30 रुपये और 25 रुपये लीटर का था। आखिर वादा खिलाफी क्यो? आभार शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा ने किया।

धरना प्रदर्शन में डॉ.राधेश्याम शर्मा, भागवान दास सैंथिया,नगर अध्यक्ष संजय भूता,रतनचंद जैन,प्रवक्ता अनिल भारद्वाज, सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, वीरेंद्र यादव, विनोद पंडित, रेखा भादौरिया, ममता मिश्रा, कृष्ना सक्सेना, अजय शर्मा, महेश जाटव, शैलेंद्र भादौरिया, राजेश शर्मा, राहुल राजावत, मुकेश गर्ग, अरविंद सोनी,विनीत शर्मा, आदित्य पुरोहित, चंद्रपाल परिहार, आशाराम धाकरे, शहजाद खान, काजी अलाउदीन, दर्शन सिंह तोमर, रामहेत शाक्य, वीरप्रकाश श्रीवास्तव, कुलदीप भारद्वाज, सोहन तिवारी, जितेंद्र सिंह, अंकित तोमर आदि शामिल थे।

### गोरमी में भी पेट्रोलियम दामों में वृद्धि को लेकर दिया धरना

प्रदेश में बढ़ती मंहगाई और पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस पर अत्यधिक मूल्यावृद्धि कर आम जनता की कमर तोड़ने वाली केंद्र की भाजपा सरकार, और सबसे ज्यादा टेक्स लेने वाली प्रदेश भाजपा सरकार के विरोध में प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोरमी ने नगर के मेहगांव रोड स्थित राहुल फ्यूल्स पर धरना दिया। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर पेट्रोल पंपों पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की जिसमे जिला कांग्रेस, समस्त ब्लॉक कांग्रेस, मोर्चा संगठन, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल, सभी प्रकोष्ठ अपनी अहम भूमिका की और प्रधनमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

### मेहगांव में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दिया धरना

मेहगांव में ब्लॉक काँग्रेस कॉमेटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कॉमेटी के, प्रदेश काँग्रेस कॉमेटी आव्हान पर ब्लॉक काँग्रेस कॉमेटी मेहगांव द्वारा आयोजित डीजल, पेट्रोल के बढ़ते दामो के खिलाफ धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया, और प्रशाशन को ज्ञापन देने का कार्यक्रम रखा गया, लेकिन ज्ञापन लेने के लिए कोई अधिकारी मौजद नही होने के कारण जिला प्रशासन का पुतला दहन किया , धरने का आयोजन ब्लॉक काँग्रेस कॉमेटी के अध्यक्ष रामौतार चौधरी एड.के द्वारा धरने का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रेदेश काँग्रेस के महासचिव रामहरि शर्मा एड., प्रदेश उपाध्यक्ष सेवा दल काँग्रेस ब्रजकिशोर शर्मा (कल्लू,)प्रदेश महासचिव युवक राहुल भदौरिया,एवं युवा काँग्रेस अध्यक्ष राहुल ढमोले, अजमेरसिंह गुर्जर एड., जवर सिंह कुशवाह, पवन चौधरी, सत्यम दांतरे,जवान सिंह गुर्जर, रसीद खान, रेजी गुरु शर्मा, मनीष शिवहरे, ब्रजेश मौर्य, इलियाश खान, अंकित तोमर, नरेश करईया, विष्णुदत्त तिवारी आदि लोग उपस्थित हुए। कर्यक्रम का संचालन जिला काँग्रेस के सचिव मनीष शिवहरे, के व्दारा किया गया अंत में सभी का आभार विकास चौधरी के द्वारा किया गया।

## माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा एक एम्बूलेंस जिला अस्पताल को सुपुर्द्

भिण्ड । राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम से भिण्ड जिला



अस्पताल हेतु माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा एक एम्बुलेंस नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री एवं जिले के कोविड प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया को दी गयी। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं जिले के कोविड प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा दी गई एक एम्बूलेंस को जिला अस्पताल में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा को सुपुर्द की गई। उन्होंने कहा कि जिले की स्वास्थ्य सुविधा बेहतरीन हो यह एक मददगार कदम है।

## कृष्णा होटल में चल रहे सैक्स रैकेट का खुलासा, एक दर्जन से अधिक लड़के-लड़कियां गिरफ्तार

### आगरा-दिल्ली से स्पेशल कारों से बुलवाता था संचालक लड़कियां

### एक घंटे एक हजार, पूरी रात के छः हजार रुपये में होती युवती की बुकिंग





**उमाकांत शर्मा।**

भिण्ड। शहर के कृष्णा होटल में पुलिस ने सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। यहां होटल में रूम बुकिंग के साथ कॉलगर्ल और शराब भी सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने कार्रवाई के लिए जाल बिछाकर होटल से 5 युवतियां और 7 युवक समेत एक दलाल महिला को दबोच है। बताया जा रहा है कि 3 युवतियां छात्रा हैं, जो अपने बॉयफ्रेंड के साथ पकडी गई हैं। वहीं दो कॉलगर्ल थीं, जिन्हें ऑन डिमांड बुलाया गया था। डीएसपी पूनम थापा ने बताया एक घंटे होटल मालिक एक हजार और पूरी रात के छः हजार बसूल करता था, होटल संचालक को पुलिस की सूचना मिलते ही मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ ही देर शाम के वक्त होटल सील करने की कार्रवाई की गई। शुक्रवार दोपहर महिला डीएसपी पूनम थापा ने शहर के बीचों-बीच संचालित होने वाला कृष्णा होटल पर सैक्स रैकेट का खुलासा करने के लिए जाल बिछाया। पुलिस के जवानों को पहले होटल भेजा। सूचना मिली कि होटल में सैक्स रैकेट का कारोबार चल रहा है। कार्रवाई से पहले डीएसपी थापा ने एसपी मनोज कुमार सिंह को मामले से अवगत कराया। इसके बाद दलबल के साथ पहुंच गई। जैसे ही वो होटल में पहुंची, तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने होटल के कमरों को खुलवायाए तो लडके और लडकियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिस ने होटल पढ़ने वाली छात्राओं के साथ कॉल गर्ल व महिला दलाल को भी पकडा।

पुलिस के अनुसार पुलिस के मुताबिक शहर के नामी नेता के संरक्षण में यह होटल संचालित है। होटल में उनके मेहमानों की आवभगत की जाती है। होटल में कॉलगर्ल से लेकर शराब भी सप्लाई होती आ रही थी। पुलिस ने होटल से शराब की खाली व सील पैक बोतलें बरामद की है। पुलिस ने यहां से एक डायरी भी जब्त की है, जिसमें कई लोगों के नाम दर्ज हैं। इसक साथ ही होटल को सील करने की कार्रवाई की गई है वहीं होटल संचालक सूचना पाते ही फरार हो गया है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस मोबाइल के जरिए ट्रेस करने का प्रयास कर शीघ्र ही गिरफ्तारी करने का दावा कर रही है।

### मौके से भागा होटल मैनेजर

पुलिस की कार्रवई के बीच चकमा देकर होटल मैनेजर घनश्याम शर्मा मौके से भाग गया। पुलिस ने मैनेजर की मोबाइल लोकेशन निकाली। पहले वो बताशा बाजार में मिली फिर धनवंतरी कॉम्प्लेक्स में मिली। पुलिस महिला दलाल के साथ मैनेजर को दबोचे के लिए धनवंतरी कॉम्प्लेक्स पहुंची। पुलिस को देख फिर मैनेजर छिप गया।

## सिंधिया के आश्वासन के बाद आंदोलनरत स्वास्थ्य महिला कार्यकर्ताओं के चेहरे पर लौटी खुशी



### अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर पिछले एक पखवाडे से आशाए उषा आशा सहयोगिनी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी हुई।

भिण्ड। एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया को जब आंदोलनरत आशा उषा आशा सहयोगिनी महिला कार्यकर्ताओ ए भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के स्थित निवास पर 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष उषा नरवरियाए उपाध्यक्ष अरुणा नरवरिया के अलावा आधा दर्जन आशा उषा सहयोगनी शामिल रही। ज्ञापन हाथों में लेते ही ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनको एक उम्मीद भरा आश्वासन दिया। आश्वासन की बात सुनते ही महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की चेहरे पर खुशी देख कर सहयोगियों में आनंद छा गया है।

गौरतलब है कि 2005 से राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के नेतृत्व में काम करने वाली जिले की लगभग 1350 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का अपने एक निश्चित वेतनमान को लेकर धरना प्रदर्शन जारी है। 10 दिन बीत जाने के बाद भी उनके पास शासन व प्रशासन से कोई उम्मीद भरा संदेश नहीं पहुंचा। तभी ष्अभी करो अर्जेंट करोए हम सब को परमानेंट करोष् के नारेबाजी करते हुए कुछ आशा ऊषा कार्यकर्ताओं को श्रीमंत सिंधिया ने आश्वासन लिया। जिस पर कहा कि मैं तुम लोगों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए सरकार के सामने रखूंगा ताकि सभी बहनों को एक संतुष्टि पूर्ण वेतनमान मिल सके। यहां बता दें कि सिंधिया कोरोना काल में स्वर्ग सिधार गये लोगों के यहां एक दिवसीय दौरे के दौरान पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ मंत्री एवं कोविड प्रभारी ओ पी एस भदौरिया, जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, रमेश दुबे, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## डीजल पेट्रोल मूल्य वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर**



मेहगांव / ब्लॉक काँग्रेस कॉमेटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कॉमेटी के,प्रदेश काँग्रेस कॉमेटी आभान पर के ब्लॉक काँग्रेस कॉमेटी मेहगांव द्वारा आयोजित डीजल, पेट्रोल के बढ़ते दामो के खिलाप धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया और प्रशाशन को ज्ञापन देने के लिए कोई अधिकारी मौजद ह् होने के कारण जिला प्रशासन का पुतला दहन किया धरने का आयोजन ब्लॉक काँग्रेस कॉमेटी के अध्यक्ष रामौतार चौधरी ए?.के द्वारा धरने का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रेदेश काँग्रेस के महासचिव रामहरि शर्मा ए?.,प्रेदेश सेवा दल काँग्रेस उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा कल्लू,प्रदेश महासचिव युवक राहुल भदौरिया,एवं युवा काँग्रेस अध्यक्ष राहुल ढमोले,अजमेर गुर्जर,जवर सिंह कुशवाह,पवन चौधरी,सत्यम दांतरे,जवान सिंह गुर्जर,रसीद खान,रेजी गुरु शर्मा,मनीष शिवहरे, ब्रजेश मौर्य, इलियाश खान,अंकित तोमर,नरेश करईया, विष्णुदत्त तिवारी आदि लोग उपस्तित,हुए

कर्यक्रम का संचालन जिला काँग्रेस के सचिव मनीष शिवहरे, के दुवरा किया गया अंत में सभी का आभार विकासः चौधरी के दुवरा किआ गया इस अवसर पर ब्लॉक काँग्रेस कॉमेटी के अध्यक्ष रामौतार चौधरी ए? ने कहा केंद्र की भृष्ठ मोदी सरकार व् प्रदेश की भृष्ठ शिवराज सरकार पर जमकर निशाना साधा।

## कोरोना मुक्त भिण्ड हेतु एक अभिनव पहल

भिण्ड । अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष भिण्ड के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड गजेन्द्र सिंह द्वारा 9 जून एवं 10 जून 2021 को कोरोना महामारी से बचाव हेतु कोविड-19 टीककरण सत्र का आयोजन किया गया। उपरोक्त सत्र में भिण्ड के माननीय न्यायाधीशगण, अभिभाषकगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं उनके परिवारजन द्वारा कोविड-19 से बचाव हेतु वैक्सीनेशन कराया गया। टीकाकरण सत्र की मुख्य बात यह रही कि उक्त टीकाकरण सत्र भिण्ड में कार्यरत्



पैरालीगल वालेंटियर्स, बालगृह में कार्यरत समस्त स्टॉफ, निराश्रित भवन में कार्यरत समस्त स्टॉफ तथा वन स्टॉप सेन्टर में कार्यरत समस्त स्टॉफ का टीकाकरण भी किया गया। उपरोक्त टीकाकरण सत्र की मुख्य विशेषता यह रही कि भिण्ड में कार्यरत अनेक पैरालीगल वॉलेंटियर्स, बालगृह में कार्यरत स्टॉफ तथा निराश्रित भवन में कार्यरत कर्मचारियों को अनेक बार समझाइस दिये जाने के उपरान्त भी टीकाकरण की भ्रॉतियों के कारण वैक्सीनेशन नहीं कराया जा रहा था जिस कारण से उक्त कर्मचारियों से प्रधान जिला जज गजेन्द्र सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया द्वारा चर्चा कर वैक्सीनेशन से जुड़ी भ्रॉतियों को दूर किया गया जिससे प्रेरित होकर बालगृह, वृद्धा आश्रम तथा वन स्टॉप सेन्टर के 100 प्रतिशत कर्मचारियों द्वारा वैक्सीनेशन कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा सुचारू रूप से उपरोक्त सत्र का संचालन किये जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 अजीत मिश्रा एवं उनकी टीम के सदस्यों गौरव भारद्वाज, संध्या भदौरिया, प्रियंका मिश्रा, आकाश पाराशर, मंगला नरवरिया, गौरव, मकसूद खांन, रिंकू मोहरसिंह आदि को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर विधायक जाटव ने दिया धरना

**मोहन मांझी**



गोहद। देश में डीजल पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस कमेटी के द्वारा देशव्यापी पेट्रोल पंपों के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। इसी के अंतर्गत आज गोहद में भी शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल के नेतृत्व में केशव पार्क के सामने स्थित तनिष्का ऑटोमोबाइल्स पेट्रोल पंप पर धरना दिया गया। जिसमें विधायक मेवाराम जाटव ने पहुंचकर धरने में मुख्य रूप से भाग लिया। धरने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपना गुस्सा जाहिर किया। इस दौरान शहर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल के साथ राजेंद्र परिवार, बीरेंद्र सिंह राणा, मनोज गुप्ता, अवधेश शुक्ला, राहुल उपाध्याय, धारा सिंह, रवि कुशवाह, खड़क सिंह तोमर, बबलू बरैया, उदय सिंह परिहार, कैलाश माहौर आदि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब की बैठक 18 को


भिण्ड। पत्रकारों में आपसी चल रहे विवाद को मद्देनजर रखते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास्तव ने 18 जून को रखने का निश्चय किया। जिसमें सभी पत्रकार बन्धु आमंत्रित हैं। प्रेस क्लब ने पुलिस अधीक्षक से लम्बी चर्चा की। जिसमें उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रहा विवाद पत्रकारों का आपसी विवाद है जब तक बैठक में कोई निर्णय नहीं लिया जाता तब तक पत्रकारों को लेकर आये आवेदनों पर कार्यवाही न करने के लिए अनुरोध किया। बैठक में सभी विवाद को आपसी चर्चा के माध्यम से हल किये जा सकें। जिससे आपस में लड़ने के वजाय जनता की सेवा हो सके। सकारात्मक खबरों को प्रकाशित कर पारदर्शिता लायें, जिससे अधिकारी कार्यवाही कर सकें।

## जातिगत टिप्पणी करने को लेकर श्रीवास समाज ने कार्रवाई के लिए एसपी को सौंपा ज्ञापन



भिण्ड। श्रीवास समाज संघ ने गुरुवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम एएसपी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि विगत 2 दिन से '16 होटल कान्हा पैलेस' एवं अन्य ग्रुपों पर सोशल मीडिया पर धर्मेन्द्र ऋषिश्वर पुत्र गुलाब निवासी ग्राम बिरधनपुरा, हाल भारौली रोड घर संसार के पास जो अपराधिक किस्क का व्यक्ति है जिस पर कई सारे संगीन मामले थाने में दर्ज है। जो बीते दो दिनों से श्रीवास समाज के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं धर्म को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी कर हिंसा फैलाने का काम किया जा रहा है। समस्त समाज ने एकत्रित होकर जातिगत टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई करने की मांग की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने मामले में जांच उपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# जनता में सरकार के खिलाफ पनप रहा आक्रोश, महंगाई से जनता परेशान : लाखन सिंह यादव



ग्वालियर। घाटीगांव में पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक लाखन सिंह यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करते हुए



भितरवार। भितरवार में ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करते हुए

## पेट्रोल - डीजल की मूल्य वृद्धि के विरोध में पूर्व मंत्री ने घाटीगांव में दिया धरना

ग्वालियर।

ग्वालियर कोरोना काल में महंगाई की मार झेल रही जनता में सरकार के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। जो आने बाले समय में कभी भी जन आंदोलन के रूप में दिखाई दे सकता है। महंगाई की बढोत्तरी में सहायक बनी पेट्रोल डीजल की लगातार ब?ी कीमतें लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। यह बात पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक लाखन सिंह यादव ने घाटीगांव में आयोजित धरना को संबोधित करते हुए कही। पेट्रोल और डीजल की मूल्य वृद्धि के विरोध में शुक्रवार को पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक लाखन सिंह यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम घाटीगांव में धरना दिया। जिसको संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री यादव ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दामों में हुई बेतहाशा वृद्धि से मंहगाई ब?ी है। सरसों के तेल की कीमतें आसमान छू रहीं हैं। अन्य खाद्ध सामग्रियों की ब?ी हुई कीमतों से जनता परेशान हैं। वहीं उन्होंने कहा कि कोरोना काल में महंगाई की मार झेल रही जनता के सब्र का बांध जन आंदोलन के रूप में कभी भी फूट सकता है। पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक लाखन सिंह यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते पेट्रोल और डीजल की मूल्य वृद्धि कम नहीं हुई तो आने बाले समय में कांग्रेस पार्टी जनता के साथ उग्र आंदोलन करेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान घाटीगांव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गुर्जर,चांद खां, छविराम बघेल,डॉ आर पी धाक?,डॉ सगीर खां, मनीराम गुर्जर,शिवदयाल धाक? सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भितरवार में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दिया धरना

देश में लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम में हो रही वृद्धि के विरोध में भितरवार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मन्नू यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। शुक्रवार को 11 बजे पुराने बस स्टैंड के पास स्थित कमला फिलिंग सेंटर पर आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मन्नू यादव ने कहा कि पेट्रोल - डीजल के कीमत में लगातार हो रही वृध्दि से महंगाई और ब?गी पेट्रोल डीजल के दाम पर सरकार का नियंत्रण नहीं हैं। जबकि कच्चे तेल की कीमतों में लगातार कमी आ रही है। इसके बावजूद भी देश में पेट्रोल डीजल के दाम में लगातार वृद्धि हो रही है। जिससे आमजन परेशान हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए सरकार मूल्य वृद्धि को तत्काल बापस ले। नहीं तो नहीं आने बाले समय में कांग्रेस पार्टी ब? जन आंदोलन को मजबूर होगी। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष श्री यादव ने कोरोना काल में पैदा हुई स्थानीय समस्याओं को लेकर भी सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मन्नू यादव,मंडल अध्यक्ष मान खा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सफी खान युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल योगी,, सरदार विक्रम सिंह, सतबीर गुर्जर, नंदू रावत,आदि उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में नेहरू पैट्रोल पम्प पर धरना प्रदर्शन करते हुए

युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह यादव जी के नेतृत्व में नेहरू पेट्रोल पंप गोल पहा?िया पर डीजल पेट्रोल के दाम ब?ने बाली भाजपा सरकार को बेनकाब करने के उद्देश्य से शांति पूर्ण रूप से धरना दिया गया जिसमें मुख्य रूप से उनके साथ में विधायक प्रवीण पाठक जी राजीव दीक्षित जी ब्लाक अध्यक्ष दक्षिण विधानसभा सुरेश बघेल जी जिला अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस पुष्पेंद्र राजपूत जी जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस अक्षर पांडे जी जिला युवा कांग्रेस विजय पटेल जी पुरुषोत्तम जी महेश कुशवाहा जी पंकज राजपूत जी मोहन गोयल जी प्रशांत कुशवाहा जी तरुण तोमर जी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



डबरा। डबरा में विधायक सुरेश राजे के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करते हुए।



ग्वालियर। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में नेहरू पेट्रोल पंप पर धरना प्रदर्शन करते हुए।

## नैनो न्यूज

### जेएएच समूह की रूटीन ओपीडी व मरीजों को भर्ती करने का काम शुरू

**ग्वालियर।** जयारोग्य चिकित्सालय समूह में रूटीन ओपीडी फिर से शुरू हो गई है। साथ ही मरीजों को भर्ती करने की सुविधा भी बहाल कर दी गई है। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। ज्ञात हो कोरोना की दूसरी लहर के दौरान कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण सम्पूर्ण जेएएच समूह का उपयोग खासतौर पर कोरोना मरीजों के इलाज के लिये करना पड़ा था। इस वजह से गत 18 अप्रैल 2021 से जेएएच की रूटीन ओपीडी एवं मरीजों को भर्ती करने का काम बंद कर दिया गया था।

### भाई ने भाई की बाइक मे लगा दी आग

ग्वालियर। शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र के संजय नगर सब्जी मण्डी गेट के पास बीती रात छोटे भाई से विवाद के बाद बड़ा भाई बाइक लेकर घर के बाहर गया और बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जनकगंज थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी मोहन पुत्र कुलंदर सिंह प्राइवेट जॉब करता है। कुछ दिन पहले ही उन्होंने एक सैकेण्ड हैंड खाइक खरीदी है। बीती रात उसका बड़े भाई कालू से विवाद हो गया और कालू बाइक लेकर बाहर आया और सब्जी मण्डी गेट के पास बाइक खड़ी कर गाड़ी से पेट्रोल निकालकर आग लगा दी। आग लगने का पता चलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दमकल के साथ ही पुलिस को सूचना देकर आग बुझने में जुटे, लेकिन उससे पहले हो बाइक खाक हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज कर लिया है।

### सस्ते प्लॉट का झांसा देकर महिला ने ठेकेदार को लगाई तीन लाख की चपत

ग्वालियर। एक महिला ने सस्ते प्लॉट का झांसा देकर एक ठेकेदार को तीन लाख का चूना लगा दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद महिला के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र के मेला ग्राउण्ड निवासी रामनारायण पुत्र रोशन लाल भदौरिया ठेकेदार है और पीडब्ल्यूडी में ठेके लेते हैं। वर्ष 2020 में उनकी मुलाकात सरिता धाकरे से हुई। मुलाकात के बाद सरिता ने महाराजपुरा थाना क्षेत्र में एक प्लॉट बेचने की बात कही। प्लॉट पसंद आने पर तीन लाख रुपए देकर अनुबंध कर लिया और रजीस्ट्री का समय आने पर उन्होंने कई बार सरिता से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन वह टालमटोल करती रही। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो उसने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया।इसके ठगी का शिकार पीड़ित थाटीपुर थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दबोचा वाहन चोर

ग्वालियर। शहर की गोला का मंदिर थानाक्षेत्र में बाइक चोरी कर ले जा रहे चोर ने जब पुलिस को सामने से आता देखा तो वह भागाऔर बाइक सहित सड़क पर आ गिरा। सड़क पर गिरे युवक को देखकर पुलिस अफसर उसे उठाने पहुंचे तो वह फिर से भागने लगा। लेकिन उससे पहले ही पुलिसकर्मी वहां पर पहुंच गए और पूछताछ की तो पता चला कि पकड़ा गया युवक बाइक चोर है और अभी बाइक चोरी कर ला रहा था। पुलिस ने उससे बाइक निगरानी में लेकर थाने पहुंचा कर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुबह गोला का मंदिर थाना प्रभारी विनय शर्मा वह उप निरीक्षक बृजमोहन शर्मा, आरक्षक शशिकांत शर्मा, अरविन्द शर्मा, विष्णु और चंद्रशेखर के साथ इलाके का भ्रमण करते हुए इंद्रमणि नगर पहुंचे तो सामने से एक बाइक सवार दिखाई दिया जो पुलिस मोबाइल से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। बाइक सवार को गिरते देखकर पुलिसकर्मी उसे उठाने पहुंचे तो बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया।

# सिंधिया ने किया एमपीसीसीआई में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर का अवलोकन

ग्वालियर। म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) द्वारा विगत 6 अप्रैल से निरंतर आयोजित किए जा रहे कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर का अवलोकन आज राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने किया।

राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व केन्द्रीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिविर का अवलोकन करते हुए कहा कि मैं बधाई देना चाहता हूं चेम्बर ऑफ कॉमर्स को जिस तरह से यह पूर्ण रूप से जनसेवा के लिए संकल्पित हैं7 यह संस्था मेरे परदारा के द्वारा स्थापित की गई थी ताकि यह मध्यप्रदेश के विकास एवं प्रगति में सतत अपना योगदान दें7 एमपीसीसीआई द्वारा न केवल आर्थिक एवं औद्योगिक विकास के कार्य किये जा रहे हैं वरन् जनसेवा के विकास में भी यह सतत प्रयत्नशील हैं7 यह शिविर जनसेवा का सुंदर उदाहरण है7 यहां पर ब?ी मुस्तैदी और अच्छे तरीके से कम्प्यूटर पर रजिस्टर्ड



करते हुए कोवैक्सीन और कोविशील्ड दोनों वैक्सीन के डोज दिये जा रहे हैं7 इसके लिए मैं चेम्बर को साधुवाद देना चाहता हूं और ग्वालियर के समस्त नागरिकों से अपील करता हूं कि कोरोना से बचने के लिए टीका हमारी ढाल है, इसलिए टीकाकरण जरूर करायें और स्वयं एवं अपने परिजनों को पूर्ण रूप से सुरक्षित और स्वस्थ रखें।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री-श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पूर्व विधायक-रमेश अग्रवाल, मुन्नालाल गोयल, एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी सदस्य-अजय गोयल, अंकुर अग्रवाल, दीपक श्रीचंद जैस्वानी, जगदीश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल कुक्कू, विनोद बिजपुरिया आदि उपस्थित रहे।

# भगवान शनि महाराज न्याय के देवता है ब्राह्मण समाज के क्रांतिकारियों का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान: अशोक जैन

**ग्वालियर।** ब्राह्मण समाज मुरार ग्वालियर ने न्याय के देवता भगवान शनि महाराज की जयंती पर भगवान परशुराम मंदिर परिसर घास मंडी मुरार ग्वालियर में भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश कार्यसमिति में नवनियुक्त सदस्य श्री अशो 4ह्वक जैन के मुख्य अतिथि में आयोजित एक भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण सभा मुरार के अध्यक्ष पंडित नरेश कटारे ने की जबकि मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सनाढ्य सभा के प्रदेश महामंत्री भागवताचार्य पंडित अंबिका प्रसाद पचौरी, बालाजी दरबार सेवा समिति के महंत पंडित राजेंद्र शर्मा, ब्राह्मण सभा मुरार के पूर्व अध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा ,(काक्का) ,कान्य कुब्ज ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित कृष्णकांत दीक्षित, ब्राह्मण समाज महिला सभा अध्यक्षा श्रीमती सुधा दुबे, भार्गव समाज मुरार अध्यक्ष लालता प्रसाद मिश्रा, सनाढ्य सभा मुरार अध्यक्ष पंडित महेश शर्मा कार्यक्रम संयोजक पंडित ओपी शर्मा मौजूद थे। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों में सर्वप्रथम भगवान हनुमान जी महाराज, शिव दरबार, शनि महाराज की तस्वीर, भगवान परशुराम जी पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। नागरिक अभिनंदन समारोह में उपस्थित ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं नवनियुक्त मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी कार्यसमिति के सदस्य श्री अशोक जैन ने कहां की ब्राह्मण समाज के विद्वानों ने देश में हमेशा एक दिशा देने का काम किया है ब्राह्मण समाज के अनेक क्रांतिकारियों ने देश की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान के साथ




बलिदान भी दिया है आज मुझे मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में जो दायित्व मिला है उसके लिए मैं भारत सरकार के कृषि कल्याण मंत्री माननीय श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर एवं मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं सांसद पंडित बीडी शर्मा जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं आज मेरा जो नागरिक अभिनंदन ब्राह्मण समाज के सभी वर्गों ने संयुक्त रूप से इस परिसर में आयोजित किया है मैं समाज के प्रति हमेशा करता रहूंगा और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व मे केंद्र एवं प्रदेश की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा

नागरिक अभिनंदन समारोह को मुख्य अतिथि श्री अशोक जैन पंडित नरेश कटारे भागवताचार्य अंबिका प्रसाद पचौरी पंडित वासुदेव शर्मा काका ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन ब्राह्मण सभा मुरार के उपाध्यक्ष पंडित आदर्श दीक्षित ने एवं आभार प्रदर्शन ब्राह्मण सभा मुरार के मीडिया प्रभारी पंडित पंकज पाठक ने व्यक्त किया कार्यक्रम में पंडित अंबिका प्रसाद पचौरी जी पंडित नरेश कटारे जी (अध्यक्ष ब्राह्मण सभा मुरार) पंडित ओपी शर्मा जी (कार्यक्रम संयोजक) पंडित वासुदेव शर्मा जी (पूर्व अध्यक्ष) शंशीकात दीक्षित जी महंत राजेंद्र शर्मा जी , संजय दण्डोतिया जी(बल्ली), सुधा दुबे जी पंकज पाठक जी (मीडिया प्रभारी ब्राह्मण सभा मुरार) , पंडित राम पाठक जी, पंडित महेश शर्मा (अध्यक्ष सनाढ्य सभा) पंडित भरत पाठक (युवा अध्यक्ष) पंडित यतेंद्र तिवारी (उपाध्यक्ष) पंडित छुन्ना थापक पंडित संतोष पाठक (कोषाध्यक्ष) पंडित प्रवीण दीक्षित पंडित रामकुमार शुक्ला पंडित लवकेश पचौरी भारत भूषण शर्मा, गणेश समाधीया, शिवदयाल पचौरी, पं सनी दण्डोतिया, पंडित अजय डंगरोलिया, पंडित संतोष पांडे पंडित मुकेश पांडे मुख्य रूप से शामिल थे ।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478